हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री


चकरभाठा बस्ती के तालाब के बीच झुका विद्युत पोल।



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा से पहले, छात्रों के लिए हेल्पलाइन सेवा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर बोर्ड परीक्षाओं के सुचारु आयोजन और विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए परीक्षा शुरू होने से पहले ही हेल्पलाइन सेवा शुरू कर दी गई है। यह सुविधा हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन सेंटर से विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक सभी परीक्षा से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1800-233-4363 पर सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक फोन कर मदद ली जा सकती है। हेल्पलाइन में प्रतिदिन मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक और मंडल के अधिकारी मौजूद रहेंगे। ये विशेषज्ञ परीक्षा से जुड़े तनाव, मानसिक दबाव, अध्ययन संबंधी मार्गदर्शन और अन्य शैक्षणिक समस्याओं पर परामर्श देंगे।

### नशे में युवक-युवती का हंगामा, वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** देर रात महाराणा प्रताप चौक में नशे में धुत युवक युवती ने जमकर हंगामा मचाने का वीडियो सोशल मीडिया में जोरो से वायरल हो रहा है। सोमवार को सोशल मीडिया में महाराणा प्रताप चौक में एक्टिवा सवार नशे में धुत युवक युवती का वीडियो वायरल रहा है। यह वीडियो रविवार की देर रात का है। वीडियों में दोनों बीच सड़क में खड़े होकर ड्रामा करते नजर आ रहे हैं। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान युवक युवती भारी वाहनों के सामने खड़े हो जा रहे हैं। जिससे चौक में वाहनों की कतार लग जा रही थी। इससे बड़े हादसे को न्यौता दिया जा रहा था। राहगीरों के द्वारा दोनों को समझाइस दी जा रही है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने कहा वीडियों की जानकारी नहीं है। वीडियो देखकर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयागराज में मनेगी फूलों की होली 22 को

**बिलासपुर।** कला,साहित्य और संस्कृति के विकास को समर्पित थावे विद्यापीठ के तत्वावधान में 22 फरवरी को प्रयागराज स्थित स्वामी भजनानंद मृत्युंजय धाम आश्रम में विशेष अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर के विद्वान, साहित्यकार, कलाकार, पत्रकार,साहित्यसेवी एवं समाजसेवी भाग लेंगे। विद्यापीठ के स्थानीय संयोजक एवं उप-कुलसचिव डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल ने कहा कि हम विद्यापीठ के लोग घिसी-पिटी कुरीतियों की परम्परा को तिलांजलि देकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष प्रयागराज में विषय विशेषज्ञ, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, पत्रकार आदि सहित सभी उपस्थित सज्जनों की सन्निधी में उल्लास के साथ विभिन्न फूलों की वर्षा करते, इत्र आदि की सुंगध बिखेरते, भजन-कीर्तन, संगीत का समायोजन करते हुए आगामी 22 फरवरी को मनाएंगे। इस अधिवेशन में संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती - परमाध्यक्ष दैवी संपद मण्डल, विद्यापीठ के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति डॉ.जंग बहादुर पांडेय, कुलसचिव डॉ. पीएस दयाल यति, डॉ. अरविन्द आनन्द, डॉ. मीना कुमारी परिहार, देवनायक दास, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. संजू साहू, रवि रंजन, प्रकाश सिंह, डॉ. पंकज प्रियम सहभागी होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. जनार्दन साहू, डॉ. रामबदन बरुआ, डॉ.नवीन कुमार झा, डॉ.आशीष कुमार,डॉ.उषा किरण श्रीवास्तव एवं अशोक पांडेय की उपस्थिति रहेगी।

# तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग से पहले कमिश्नर ऑफिस से लाइट-पंखे चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय को मुंगेली नाका स्थित पुराने कमिश्नर कार्यालय में शिफ्ट करने की तैयारी चल ही रही थी कि अज्ञात चोरों ने पुराने कमिश्नर कार्यालय में लगी सारी लाईटें और पंखे पार कर दिए। एक सप्ताह पूर्व अधिकारियों ने पुराने कमिश्नर कार्यालय का निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर शिफ्टिंग के निर्देश दिए थे। इसी बीच मौके की तलाश में बैठे चोरों ने भवन के सभी कमरों से विद्युत उपकरण पार कर दिए।

मुंगेली नाका चौक स्थित पुराने कमिश्नर कार्यालय में तहसील कार्यालय संचालन की बोहनी ही खराब नजर आ रही है। तहसील कार्यालय को पुराने कमिश्नर कार्यालय में शिफ्ट करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए सारे शाखा प्रमुखों को निर्देशित किया जा चुका है। इसके ठीक पहले अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए पुराने कमिश्नर कार्यालय के कमरों में लगाए गए बिजली और पंखों की चोरी कर ली है।

- एक सप्ताह पहले तक सब कुछ ठीक था

मकर संक्रांति के बाद से दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी महसूस की जा रही है। शिफ्टिंग पूरा होने में अगर पंद्रह दिनों से एक महीने का समय लगता है तो इस दौरान गर्मी में काफी इजाफा हो चुका होगा। ऐसे में बगैर लाईट पंखों के कार्य संचालन में कर्मचारियों व अधिकारियों को बड़ी परेशानी होगी।

### सबसे पहले ग्रिल लगाए जाएंगे नहीं तो फिर होगी चोरी

पुराने कमिश्नर कार्यालय में अनेक कक्षों में विंडो एसी लगाया गया था। चूंकि कमिश्नर कार्यालय अब कोनी स्थित अपने नए भवन में शिफ्ट हो चुका है, जिससे कक्ष में लगाए गए विंडो एसी भी उखाड़कर ले जाए जा चुके हैं। ऐसे में विंडो एसी वाली जगह खाली है, जहां से कोई भी भवन में प्रवेश कर सकता है। ऐसे में तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग से पहले उन सभी कक्षों की खिड़की में ग्रिल लगवाई जाएगी, जहां विंडो एसी लगाया गया था। ग्रिल लगाने के पहले ही शिफ्टिंग होने से उपद्रवी तत्वों द्वारा जरूरी दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

### पीडब्ल्यूडी को बिल्डिंग दुरूस्त करने के निर्देश

मुंगली नाका स्थित पुराना कमिश्नर कार्यालय मूलतः नगर निगम का बाल भवन है। तात्कालिक तौर पर विकल्प के रूप में इसे संभागीय कमिश्नर कार्यालय के संचालन के लिए दे दिया गया था। भवन से विद्युत उपकरण चोरी होने के बाद अब यहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग को कहा गया है।

### भवन का किया गया है निरीक्षण

तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के लिए एक सप्ताह पहले पुराने कमिश्नर कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। तब भवन में सब कुछ ठीक था। अब जब शिफ्टिंग प्रारंभ होने ही वाली है, तो उससे पहले ही उपद्रवी तत्वों के द्वारा भवन के सारे लाईट-पंखों की चोरी हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग को भवन में साफ-सफाई एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए कहा गया है।

\- मनीष साहू, एसडीएम बिलासपुर

## यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित : सड़क हादसों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा

# हाईकोर्ट ने 8 बिंदुओं पर गाइडलाइन जारी की फिर भी सड़क से लेकर एनएच तक मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर से लेकर एनएच में आवारा मवेशियों की मौजूदगी अब एक गंभीर और लगातार बढ़ती हुई समस्या बन चुकी है। शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों और यहां तक कि नेशनल हाईवे पर भी इन मवेशियों का झुंड खुलेआम घूमता नजर आता है। इससे जहां यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो रही है, वहीं सड़क हादसों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन द्वारा चालाए गए अस्थायी अभियान कुछ समय के लिए राहत तो देते हैं, लेकिन समस्या फिर उसी स्थिति में लौट आती है। हाईकोर्ट ने 8 बिंदूओं पर गाइडलाइन भी जारी की थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका है।

बिलासपुर के भीतर से गुजरने वाली मुख्य सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों और व्यस्त बाजार मार्गों पर मवेशियों की भीड़ आम दृश्य बन चुकी है। वाहन चालकों को हर समय अचानक सड़क के बीच आकर खड़े होने वाले गाय और सांडों से टकराने का खतरा बना रहता है। कई सड़क हादसे पहले ही हो चुके हैं जिसमें चालक और पशु दोनों घायल हुए हैं। शिकायतों के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम समय-समय पर आवारा मवेशियों को हटाने अभियान जरूर चलाता है, मगर उसका असर लंबे समय तक दिखाई नहीं देता। कुछ दिनों तक सड़कों से गायब रहने वाले मवेशी फिर उसी जगह लौट आते हैं।

- सड़कों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों और यहां तक कि नेशनल हाईवे पर भी इन मवेशियों का झुंड



### कई इलाकों में गंभीर स्थिति

शहर के इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड रोड, उसलापुर, कोनी रोड, गांधी चौक, सरकंडा और यहां तक कि कलेक्ट्रेट के आसपास भी मवेशियों की मौजूदगी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि अब यह स्थिति सामान्य नहीं बल्कि खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। लोगों के मुताबिक बिलासपुर में आवारा मवेशियों की समस्या अब केवल प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का अहम विषय बन चुकी है। नागरिकों का मानना है कि शासन-प्रशासन को एक ऐसी स्थायी व्यवस्था लागू करनी चाहिए जिससे सड़कों पर इंसान और पशु दोनों सुरक्षित रह सकें।

### टोल प्लाजा के एग्रीमेंट में भी शर्त, मानता कोई नहीं

अधिकारियों के मुताबिक शहरी क्षेत्रों के लिए 1100 और राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 1033 टोल फ्री नंबर है। इन नंबरों पर मिली शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पशुओं को कांजी हाउस या गौशाला भेजा जाएगा। इसके साथ ही कलेक्टर और संभागीय आयुक्त हर हफ्ते समीक्षा करेंगे। हादसा रोकने में लापरवाही पाए जाने पर टोल ठेकेदार जिम्मेदार होगा। सभी टोल प्लाजा के एग्रीमेंट में यह शर्त जोड़ी जाएगी कि सड़कों को पशुओं से मुक्त रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### मवेशी अचानक सामने आ जाते हैं

बिहार से छत्तीसगढ़ ट्रक चलाकर आने वाले चालक रामाशीष ने बताया कि जैसे ही छत्तीसगढ़ के अंदर प्रवेश करते हैं, सड़कों पर बड़ी संख्या में मवेशी नजर आते हैं. उन्होंने कहा कि चालक कभी भी जानबूझकर मवेशियों को नहीं कुचलते, लेकिन जब मवेशी अचानक सड़क पर दौड़ते हैं, तो भारी वाहन को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दुर्घटना से बचना मुश्किल हो जाता है। शहर के युवा प्रियांशु कुर्रे ने बताया कि रात के समय मवेशी सड़क पर दिखाई नहीं देते जिससे खतरा और भी बढ़ जाता है। हाईवे पर तो वाहन की गति धीमी रखनी पड़ती है क्योंकि कोई भी समय मवेशी सामने आ सकते हैं।

### इन आदेशों का होना है पालन, होता नहीं

- राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे और शहर की सड़कों से पशुओं को हटाना अनिवार्य
- संयुक्त अभियान चलाकर पशुओं को गौशालाओं और कैटल पाउंड में भेजा जाए
- सुबह से लेकर रात भर हाईवे पेट्रोलिंग टीम बनाकर मॉनिटरिंग की जाए
- हर हाईवे पर स्थायी हेल्पलाइन नंबर लगाए जाएं
- आदेशों के पालन में लापरवाही पर अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे
- कलेक्टर और संभागीय आयुक्त हर हफ्ते समीक्षा करेंगे
- लापरवाही पाए जाने पर टोल ठेकेदार जिम्मेदार होगा

### रात में खतरा ज्यादा

शहर के निवासी विवेक देवांगन ने बताया कि सिरगिट्टी स्थित एक बड़ी कंपनी में वे काम करते हैं। कई बार नाइट ड्यूटी रहती है। रात में सड़क पर मवेशियों को पहचानना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका दोगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि वे खुद कई बार दुर्घटनाओं से बाल-बाल बचे हैं। इसी तरह सुनील राजपूत ने कहा कि हर बार हाईकोर्ट आदेश देती है, तब प्रशासन हरकत में आता है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति हो जाती है। उन्होंने बताया कि पहले पशुपालकों पर एफआईआर की कार्रवाई होती थी, लेकिन अब वह भी ठप हो चुकी है।

# रेलवे ने किया रिकार्ड 1591 वैगनों का रखरखाव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यांत्रिक विभाग ने जनवरी 2026 और वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एसईसीआर के वैगन काम्पलेक्स ने जनवरी 2026 में 1311 वैगनों का अनुरक्षण कर दिसम्बर 2025 के 1301 वैगनों के पूर्व रिकार्ड को पार कर दिया है। इसी क्रम में जनवरी 2026 में 1591 वैगनों का सर्वाधिक मासिक रूटीन ओवरहालिंग आरओएच आउटटर्न दर्ज किया गया, जो 37.18 फीसदी की संचयी वृद्धि को दर्शाता है। रेलवे के अनुसार वैगन रिपेयर शॉप में जनवरी 2026 में 537 वैगनों का अब तक सर्वाधिक मासिक पीरियोडिकल ओवरहालिंग आउटटर्न प्राप्त किया। वहीं मोतीबाग कार्यशाला ने कोच पीरियोडिकल ओवरहालिंग पीओएच में 38.32 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए रेलवे बोर्ड के निर्धारित लक्ष्य से 24 फीसदी अधिक प्रदर्शन किया।

वित्तीय वर्ष के दौरान रूटीन ओवरहालिंग आरओएच वैगन आउटर्न में 11178 से बढ़कर 15334 वैगन, वैगन पीरियोडिकल ओवरहालिंग में 4400 से बढ़कर 4733 वैगन, कोच पीरियोडिकल ओवरहालिंग 287 से बढ़कर 397 कोच हो गए हैं। रेलवे के रूटीन ओवरहालिंग डिपो पीपी यार्ड भिलाई वैगन काम्पलेक्स में अत्याधुनिक तकनीकी प्रणालियां स्थापित की गई है, जिसमें कम्प्यूटरीकृत सिंगल वैगन टेस्ट रिंग, कम्प्यूटरीकृत रेक टेस्ट रिंग, कम्प्यूटरीकृत डीवी टेस्ट बेंच, मोटराइज्ड बोगी एवं बोल्स्टर मैनिपुलेटर तथा एआई आधारिक वैगन निरीक्षण प्रणाली शामिल है।

## कोतरलिया से किरोड़ीमल के बीच चौथी लाइन में चलेगी ट्रेनें

कोतरलिया से रायगढ़ और रायगढ़ से किरोड़ीमल नगर के अलावा किरोड़ीमल नगर से भूपदेवपुर के बीच चौथी लाइन का काम कम्पलीट होने के उपरांत सीआरएस ने परिचालन की अनुमति भी दे दी है,



जिसके उपरांत इस लाइन पर मालगाड़ियों के साथ यात्री ट्रेनों का परिचालन भी तत्काल शुरु किया जाएगा। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई रेल लाइन का निर्माण, दोहरीकरण एवं तीसरी व चौथी रेल लाइन परियोजनाओं पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर से झारसुगुड़ा रेलखंड के बीच 206 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन परियोजना को चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत कोतरलिया से रायगढ़ और रायगढ़ से किरोड़ीमल नगर और किरोड़ीमल नगर से भूपदेवपुर स्टेशन के बीच 26.1 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## किसी एक स्थल को लेकर नहीं बन सकी आम सहमति

# आम सहमति नहीं, धरना-प्रदर्शन नेहरू चौक पर ही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक में धरना-प्रदर्शन आयोजित होने से यातायात व्यवस्था बाधित होने के कारण इसके लिए किसी अन्य स्थान के चयन को लेकर मंथन सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई थी।


आज जिला व पुलिस प्रशासन की अगुआई में बैठक
धरना-प्रदर्शन के लिए नई जगह तलाशने फिर होगी माथापच्ची

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### मंथन में आयोजित की गई थी संगठनों की बैठक

बैठक में सभी राजनीतिक दल एवं कर्मचारी संगठनों की उपस्थिति रही, लेकिन किसी एक स्थान को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण बैठक बिना नतीजे के ही समाप्त हो गई। लिहाजा धरना-प्रदर्शन फिलहाल नेहरू चौक पर ही आयोजित होते रहेंगे।

जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नेहरू चौक में धरना-प्रदर्शन आयोजित होने के कारण लगने वाले जाम को ध्यान में रखकर स्थल परिवर्तन के लिए एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई थी। मंथन सभाकक्ष में सोमवार को शाम पांच बजे आयोजित उक्त बैठक में भाजपा, कांग्रेस, आप सहित विभिन्न राजनीतिक संगठनों एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कर्मचारी नेता किशोर शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान मुंगेली नाका स्थित मैदान को प्रमुखता से विकल्प के रूप में बताया गया, लेकिन यहां के लिए संगठनों में एकराय नहीं बन सकी। ऐसे में कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा विचार विमर्श के लिए कुछ दिन और देते हुए बैठक फिलहाल स्थगित कर दी गई। ऐसी परिस्थिति में संगठनों द्वारा आयोजित धरना एवं प्रदर्शन परंपरागत रूप से फिलहाल नेहरू चौक पर ही आयोजित किए जाते रहेंगे।

### राजनीतिक व कर्मचारी संगठनों के बीच पक्षपात न हो

कर्मचारी नेता रोहित तिवारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा धरना-प्रदर्शन के लिए ऐसा स्थान तय किया जाए जहां न केवल शहरवासियों, बल्कि प्रशासन के अधिकारियों का भी ध्यान जाता रहे। इसके अलावा जो भी स्थान फाईनल किया जा रहा है, वो सबके लिए हो। ऐसा कई बार देखा गया है कि राजनीतिक संगठनों को बिना अनुमति के भी नेहरू चौक में धरना प्रदर्शन की छूट होती है, और कर्मचारी संगठनों के पंडाल उखाड़ दिए जाते हैं। उन्होंने सारे संगठनों के लिए समान रूप से एक जैसा नियम लागू कराने की बात कही है।

# नशे के सौदागर को पिस्टल बेचने वाला आरोपी एमपी से गिरफ्तार

## एक और पिस्टल दो मैग्जीन जब्त



**बिलासपुर।** नशे के बड़े सौदागर को 50 हजार रुपए पिस्टर बेचने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने एमपी में दबिश देकर पकड़ लिया है। उसके पास से एक और पिस्टल व दो मैग्जीन बरामद की गई है। आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। आने वाले समय पुलिस बड़े हथियार बेचने वाले गिरोह का खुलासा कर सकती है।

- नशे के काली कमाई से खरीदा तीन ई रिक्शा, एक पल्सर, एसी जब्त

29 जनवरी की रात सिविल लाइन पुलिस ने मोबाइल लोकेश के आधार पर पीछा करते हुए मंगला चौक से जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी नशे के सौदागर स्वराज कुर्रे पिता छन्नू कुर्रे को पकड़ लिया था। उसके पास से 1 पिस्टल व 20 जिंदा कारतूस 1 हजार 190 नग प्रतिबंधित नाइट्रा टेबलेट जब्त किया गया था। पूछताछ में स्वराज कुर्रे ने उक्त पिस्टल मध्य प्रदेश भोपाल अवधपुरी निवासी धीरेन्द्र कुमार तोमर पिता सरनाथ सिंह तोमर से 50 हजार रुपए में खरीदना बताया था। उसके पूर्व भी उसने धीरेन्द्र कुमार तोमर से 4 पिस्टल खरीदना बताया। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू के निर्देश पर पुलिस टीम ने भोपाल में दबिश देकर पिस्टल बेचने वाले धीरेन्द्र कुमार तोमर को पकड़कर उसके पास से एक और पिस्टल व दो बड़ा व छोटा मैग्जीन बरामद किया गया है। 2 फरवरी को पुलिस ने आरोपी धीरेन्द्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड में लेने की मांग की। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे 6 फरवरी तक पुलिस रिमांड में सौंप दिया है।

### अवैध हथियार बेचने वाले गिरोह का होगा पर्दाफाश

पूछताछ में धीरेन्द्र ने बताया, वह एमपी के एक आरोपी से 30 हजार रुपए पिस्टल खरीदकर 50 हजार रुपए बेचता है। पुलिस उससे पूछताछ कर उसे अवैध हथियार बेचने वाले का नाम पता ले लिया है। पुलिस फिर से एमपी में दबिश देकर बड़े संख्या में हथियार बेचने वाले को पकड़ने जाने की तैयारी में लग गई है। आने वाले समय अवैध हथियार बेचने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफास होने की संभावना जताई जा रही है।

### तीन ई रिक्शा, एक पल्सर, एसी जब्त

एण्ड टू एण्ड के तहत कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने नशे के सौदागर स्वराज कुर्रे के द्वारा नशे के काली कमाई से खरीदे गए तीन ई रिक्सा, एक पल्सर, एक एसी जब्त किया गया है। वहीं उसके व परिवार वालों की हिस्ट्री निकाल कर जमीन मकान की जांच की जा रही है।

### शासकीय जमीन पर दो मंजिला एयरकूल्ड मकान

आरोपी स्वराज कुर्रे का पुरा परिवार लंबे समय प्रतिबंधित नशीले दवा बेचने का काम कर रहे हैं। एनडीपीएस एक्ट के मामले में उसके बड़े भाई अक्षय कुर्रे को 15 साल की सजा हो गई है। उसकी मां, बहन, भाभी, भाई जेल में बंद है। आरोपी का जरहाभाठा मिनीबस्ती शासकीय जमीन पर आलीशान दो मंजिला मकान है। इसके सभी कमरों में एसी लगे हुए हैं।

# सिरगिट्टी क्षेत्र के नशा अड्डों में पुलिस का छापा

## 10 नशेड़ी पकड़े गए, कराई उठक- बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार की रात पुलिस ने सिरगिट्टी क्षेत्र के अड्डों में दबिश देकर नशा करने वाले नशेड़ियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की । इस दौरान नशा करते पकड़े गए 10 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनसे बीच सड़क पर उठक- बैठक कराई गई।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई किशोर केंवट बल के साथ चुचुहियापारा एवं आति संवेदन इलाकों के अड्डेबाज में दबिश देकर नशा करने वाले 10 लोगों को पकड़ लिया। नशेड़ियों को बीच सड़क पर उठक-बैठक कराई गई। उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है, वहीं संदिग्ध रूप से घूमने वालों पर भी पुलिस ने शक्ति बरतते हुए चेतावनी देकर छोड़ा है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में नशाखोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। श्री परिहार ने बताया यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। नशा कर हंगामा मचाने वाले नशेड़ियों के खिलाफ करवाई जाएगी।

# सीएमडी महाविद्यालय में खेलों के महाकुंभ का आगाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेल, उत्साह और अनुशासन का संगम देखने को मिला, तीन दिवसीय क्रीड़ोत्सव का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर खेल भावना और ऊर्जा से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासी निकाय अध्यक्ष डॉ संजय दुबे थे। उनके आगमन पर क्रीड़ा अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. दुबे ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं करते, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को भी निखारते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, संयम और सहयोग की भावना सिखाते हैं। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय में निरंतर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित होती है, जिससे विद्यार्थियों में आत्मअनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल क्रीड़ोत्सव के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ देवर्षि चौबे द्वारा किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। आयोजन में डॉ. के.के. शुक्ला, राजकुमार पंडा, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. विनीत नायार, रीमा विश्वास वंदना गोस्वामी डॉ. हर्षा शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. देवर्षि चौबे, नरेंद्र टंडन, विजय अरोरा, रामेश्वर पटेल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उन्नत शिक्षा संस्थान में खेलों का आयोजन, मधुरम ने मारी बाजी





बिलासपुर। उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में खेल एंवं सांस्कृतिक महोत्सव सत्र का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि कुलसचित डॉ तारणीश गौतम उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। प्राचार्य प्रो मीता मुखर्जी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। प्रशिक्षार्थियों ने प्रतीक पुष्प लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में राजगीत, स्वागत गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अतिथियों का परिचय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ सक्सेना ने दिया वहीं महाविद्यालय की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्राचार्य प्रो मीता मुखर्जी ने प्रस्तुत किया। वहीं प्रशिक्षार्थी प्रतिनिधि के रूप गजेन्द्र सिंह ने समस्या एवं आवश्यकता से संबंधित मांग पत्र का वाचन कर मांगपत्र सौंपा। करीम खान के निर्देशन में शानदार मार्च-पास्ट एवं रीट्रीट के माध्यम से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में मधुर ने प्रथम स्थान एवं सुंदरम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसे मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं खेल प्रतियोगिता में 97 अंको के साथ शिवम निकेतन विजेता एवं 56 अंकों के साथ सुंदरम निकेतन उपविजेता रहा। विशेष आकर्षण मार्च-पास्ट एवं सुरिली कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रही, जिसके विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मार्च-पास्ट में शिवम निकेतन विजेता रहा तो सुंदरम उपविजेता रहा। दलीय खेल एवं व्यक्तिगत खेलों के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड तथा कप से सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत खेलों के पुरुष वर्ग में सर्वाधिक अंक अर्जित कर कालेज कलर से सम्मानित हुए, तो वहीं शिवम की भारती महिला वर्ग में कालेज कलर से सम्मानित हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर के सुप्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट दम्पति अंजना खरे एवं अतुल कांत खरे,सेवानिवृत्त आचार्य डॉ उषामणि,डॉ छाया शर्मा, डॉ राजेन्द्र तिवा कार्यालयीन स्टाफ तथा समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थिति रहे।

# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ

**बिलासपुर**। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 2 से 5 फरवरी तक होने वाले वार्षिक खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की विभिन्न संकाय टीमों द्वारा अनुशासित मार्च पास्ट के साथ किया गया, जिसे अतिथियों द्वारा सलामी दी गई। ध्वजारोहण एवं खिलाड़ियों और निर्णायकों द्वारा खेल भावना की शपथ ली गई।

चार दिवसीय यह खेल उत्सव विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास के साथ-साथ खेल भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक मुनव्वर खुर्शीद ने कहा कि खेलने-कूदने वाले को खराब समझने वाला मुहावरा अब बीते दिनों की बात हो चुकी है। आज खेल ही वह क्षेत्र है, जहां सबसे ऊंचे और सम्मानजनक करियर उपलब्ध हैं। यदि युवा लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत से अभ्यास करें, तो खेल से भी वे देश-दुनिया में नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे मनोयोग से प्रतियोगिताओं में भाग लेने और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. जय शंकर यादव, डॉ. ब्रम्हेष श्रीवास्तव, डॉ. बी. जॉन, डॉ. गणेश खांडेकर, डॉ. मनीष मुखर्जी, प्रतीक सिंह, तारिणी वर्मा, रोहित रजक, मीनाक्षी श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।





## खेल जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाती है : कुलपति

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है ,जो सभी को एक-दूसरे से जोड़ती है। खेलों से टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाते हैं। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि कोटा अंचल के विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा है और विश्वविद्यालय उन्हें निखारने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज सीवीआरयू के विद्यार्थी खिलाड़ी के रूप में भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। संकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि खिलाड़ी को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। हर हार एक नया अनुभव और जीत की दिशा बताती है। निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और साहस ही सफलता की कुंजी है।

## 8 टीमों के 741 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में वाणिज्य एवं प्रबंधन, अभियांत्रिकी, फार्मेसी, आईटी, कला, विज्ञान, विधि एवं शिक्षा-शारीरिक शिक्षा संकाय की कुल 8 टीमों के 741 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज एवं एथलेटिक्स शामिल हैं। विशेष आकर्षण महिलाओं के लिए पहली बार क्रिकेट का प्रदर्शन मैच भी आयोजित किया जा रहा है।

# डिजोरे ब्रदर्स ने फाइनल जीत कर रचा इतिहास





**बिलासपुर**। डिजोरे ब्रदर्स की टीम ने बेहद रोमांचक और संघर्षील मुकाबले में 5 विकेट से रायपुर की टीम को हराकर फाइनल के किताब पर कब्जा किया।

जीएसटी स्टेट एडवोकेट क्रिकेट लीग के प्रथम वर्ष में मिनी स्टेडियम के प्रांगण में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए अधिवक्ता गढ़ ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस टूर्नामेंट में बिलासपुर सहित रायपुर, बलौदा बाजार ,अंबिकापुर, तखतपुर इत्यादि अन्य कई जिलों के वकीलों ने भाग लिया और इस टूर्नामेंट को सफल बनाया। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही सबसे मजबूत टीम कहीं जाने वाली डिजोरे़ ब्रदर्स ने रायपुर को हराकर किताब पर कब्जा किया, रायपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 15 ओवर से पहले ही अपने 10 विकेट को कर 165 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया जिसमें रायपुर के बल्लेबाजों ने शुरुआत में अच्छी बल्लेबाजी की , परंतु अंतिम तक आते हुए उनकी पारी लड़खड़ा गई और टीम पूरा 15 ओवर भी नहीं खेल पाई। जिसमें डिजोरे़ ब्रदर्स की तरफ से नीरज ने महत्वपूर्ण तीन विकेट लिए वह सुभाजित और दीपक ने दो-दो विकेट लेकर अपनी टीम को मैच में वापस लाया। 165 का विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी डिजोरे़ ब्रदर्स की टीम योगेंद्र पांडे ने दिल्लू के साथ 52 रन की साझेदारी की, आउट होते ही राहुल तमस्कर ने और सिर्फ 19 बॉल में 7 छक्के और दो चौकों की मदद से शानदार 54 रन ठोक डाले और अपनी टीम को विजेता होने का गौरव प्राप्त करवाया।

# छग महिला क्रिकेट ईस्ट जोन का ट्रॉयल



**बिलासपुर**। स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वूमेंस अंडर 15 और अंडर 19 का ट्रॉयल आयोजन किया गया।

आज रेलवे मैदान में ईस्ट जोन ट्रायल लिया गया। साउथ जोन का ट्रायल कांकेर में, सेंट्रल जोन का ट्रायल रायपुर में , वेस्ट जोन राजनांदगांव में और नॉर्थ जोन अंबिकापुर में कराया गया। बिलासपुर में ईस्ट का ट्रायल में बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और जांजगीर चांपा सम्मिलित थी। जिसमें बिलासपुर में 32 वूमेंस खिलाड़ी, रायगढ़ में 19 वूमेंस खिलाड़ी, कोरबा में 14 वूमेंस खिलाड़ी और जांजगीर चांपा में 9 वूमेंस खिलाड़ी ने भाग लिया। जितेंद्र टांक के द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉयल के लिए तैयार किया गया। बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। सर्व प्रथम महिला अंडर 15 ने ट्रॉयल दिया उसके पश्चात वूमेंस अंडर 19 के खिलाड़ी ने ट्रायल दिया। चयन के पश्चात सभी जोन से लगभग 30- 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। सभी जोन के मध्य सलेक्शन मैच कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट वूमेंस अंडर 15 और अंडर 19 की टीम बनाई जाएगी। इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल,अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, ओपी यादव शरद मुरारका, आनंद तावड़कर शैलेश सैमुअल उपस्थित थे।

# यादव प्रीमियर लीग में भाग लेंगी 16 टीमें




**बिलासपुर**। यादव प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है। इस टीम के नाम और मालिकों के नामों की घोषणा की गई है। इसमें जगन्नाथ- भास्कर यादव, संजय यादव, विष्णु- विष्णु यादव, हरि- नंदू यादव, नरसिंह देव- धनंजय यादव, अनिल यादव, माधव- अमित यादव, बजरंग आकाश यादव, रुद्र - आशीष यादव, महामाया- रेवती यादव, अखिलेश यादव, बालाजी- अमर यादव, सुदीप यादव, बोल बाम- खगेश यादव, राहुल यादव, कृष्णा- राज यादव, राजू यादव, संकट मोचन- टीकाराम यादव, नंदलाल यादव, द्वारकाधीश- राहुल यादव, सत्या यादव, विनायक- विकास यादव- ओमकार यादव, सुदर्शन- राजीव यादव, डॉक्टर राजेश यादव, महाकाल टीम के शुभम यादव और सागर यादव मालिक हैं। इसके अलावा प्रीमियर लीग मैच के सदस्यों में शैलेन्द्र यादव, शरद यादव, छोटू यादव, दीपक यादव,विककी यादव, रंजीत यादव आशीष यादव , आयुष यादव, सिद्धार्थ यादव, तरूण यादव, राजा यादव, सत्येन्द्र यादव , विकास यादव, देवेन्द्र यादव , मंजीत यादव, विजय यादव, संदीप यादव, कृष्णा यादव, राजू यादव, आकाश यादव, सुनील यादव, दीपक यादव तिफरा, पुकार यादव, देवा यादव, रिक्की यादव, संजय यादव आदि शामिल हैं।






# किसान मोर्चा के सतीश जिला उपाध्यक्ष



**बिलासपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी के निर्देशानुसार व भाजपा जिला शहर कोर ग्रुप के निर्णायानुसार भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की अनुशंसा से किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने किसान मोर्चा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसमें सतीश यादव को बिलासपुर का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री यादव ने अपनी नियुक्ति पर किसान मोर्चा के सभी उच्च पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# मेले में लोगों को एक मंच पर जोड़ना सराहनीय पहल

**बिलासपुर**। बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेले के पांचवें दिन सामाजिक सरोकार, नवाचार और युवाओं के भविष्य को समर्पित कार्यक्रमों ने मेले को नई ऊंचाई दी। इस दिन आयोजित रोजगार मेला और शार्क टैंक कार्यक्रम मेले के मुख्य आकर्षण रहे। बड़ी संख्या में युवाओं, उद्यमियों और शहरवासियों की उपस्थिति ने आयोजन की सफलता को दर्शाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि व्यापार मेले के माध्यम से राष्ट्रहित में कार्य कर रहे विभिन्न वर्गों को एक मंच पर जोड़ना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बीएनआई को इस सामाजिक सोच के लिए बधाई दी।

- **बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेले का समापन आज**

महंत ने कहा कि दृष्टिबाधित बच्चों को मंच देना और रोजगार मेले के जरिए युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना समाज के प्रति आयोजकों की संवेदनशीलता को दर्शाता है। ऐसे आयोजन न केवल व्यापार को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन भी लाते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, पामगढ़ विधायक डॉ. शेषराज हरवंश, आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जायसवाल, क्रेडाई अध्यक्ष सुशील पटेरिया, विजय केशरवानी, सिद्धांशु मिश्रा, मनीष सखूजा, राजेन्द्र सिंह, अजय श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश मौर्य, मेले के संयोजक गणेश अग्रवाल एवं बीएनआई अध्यक्ष किरणपाल सिंह चावला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मेले में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर कहा कि यह आयोजन उन्हें भारत प्रसिद्ध ग्वालियर मेले की याद दिलाता है। वहीं एसपी रजनीश सिंह ने कहा कि बीएनआई मेला केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यम बन रहा है।




**आज के कार्यक्रम** : मेले के अंतिम दिन इस्कॉन द्वारा संकीर्तन, आर्ट ऑफ लिविंग की भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्वाभिमान सम्मान और लाइफटाइम सेवा पुरस्कार जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा 51 बटुकों का उपनयन संस्कार

**बिलासपुर।** ब्राह्मण युवा आयाम के प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि वैष्णो देवी मंदिर नगोई में 51 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया। प्रदेश से आय हुए बटुकों का पूरे विधि विधान से उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ,जिसमें 51 बटुकों के साथ ही 700 से ज्यादा विप्रजन शामिल हुए। अभी तक एक हजार से ज्यादा बटुकों का उपनयन संस्कार ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा करवाया जा चुका है। बटुकों के उपनयन संस्कार में मुख्य आचार्य पं चंद्रशेखर मिश्रा,आचार्य पं. रविन्द्र उपाध्याय थे। बटुकों को जनेऊ, तिलक एवं चोटी का महत्व बताया गया और उन्हें वैदिक मंत्रों से उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। रविन्द्र उपाध्याय, अभिजीत पाण्डेय, आकाश तिवारी, सौरभ तिवारी, हर्ष तिवारी, कमलेश दुबे, हरिशंकर तिवारी, शुभम पाठक, ऋषभ शर्मा, पीयूष शुक्ला, सुदीप शास्त्री, विक्की पाण्डेय, पीयूष गौरहा सहित ब्राह्मण युवा आयाम के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



आयोजन

## सेनानी डॉ. रामाचरण राय की 128वीं जयंती पर किया स्मरण



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा प्रति माह प्रथम रविवार को सेनानियों के स्मरण कार्यक्रम के तहत बाजपेयी परिषद विकाश नगर में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के ध्वज वाहक डॉ रामचरण राय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये संस्था की अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे ने कहा डॉ रामाचरण राय ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष करने वाले जन नायक थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि सबसे पहिले में उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के महान व्यक्तित्व को नमन करता हूँ, जिन्होंने भारत की आज़ादी की लड़ाई लड़ी नवजवान योद्धा डॉ रामा चरण राय नवजवानी की आयु में व्यथित होकर ब्रिटिश सरकार की सहायक चिकित्सक की नौकरी छोड़ बिगुल फूंका उसके लिए। उन्हें दो बार जेल की यातना मिली नागपुर जेल में 13 महीने तक बंदी रहे वे राष्ट्रभक्त सेनानी थे।

कार्यक्रम

## गौ, गीता, गंगा मुक्ति के साधन है सच्चा संत संसार से कुछ नहीं चाहता



**बिलासपुर।** राष्ट में विशुद्ध सत्संग का अभाव है पूज्य स्वामी विजयानंद गिरी जी महाराज कहते हैं कि आज लोग दुकान खोलकर बैठ गए। मेरे शिविर में आ जाओ तुम्हारा कल्याण हो जाएगा में ईश्वर से तुम्हारा मेल करा दूँगा मेरा नाम का लाकेट पहन लो कल्याण हो जाएगा पूरी ठगाई चल रही है। अरे जो अपना कल्याण नहीं कर पा रहा है, वह दुसरे का कल्याण क्या करेगा पूरा व्यापार चल रहा है। सच्चा संत संसार से कुछ भी नहीं चाहता है, वह भगवान से भी कुछ नहीं चाहता है वो तो मोक्ष को भी ठुकरा देता है। पूज्य स्वामी कहते है, में संसार के लोगो से निवेदन करता हूँ। घर में गीता पाठ करें गंगाजल का नित्य सेवन करे गौ माता की सेवा करे और गौ गीता गंगा मुक्ति के साधन है, जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो जाएँगे।

धर्म-क्षेत्र

## विद्या से ही हो सकता है संसार का उपकार : शास्त्री



**बिलासपुर।** आर्य समाज के साप्ताहिक सत्संग, यज्ञ के यजमान आदित्य गुप्ता ने अपनी विवाह वर्षगांठ वेद मंत्रों की आहुति देकर मनाई। यजमान देवकुमार यादव ने अपने बेटे दक्ष का जन्मदिन यज्ञ कर मनाया। सभी सदस्यों ने दोनों यजमानों को आशीर्वाद दिया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि संसार का उपकार मात्र विद्या से ही हो सकता है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्य समाज का कार्य संसार का उपकार करना है। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज के 10 नियम बनाए हैं। जिसमें छठा नियम संसार का उपकार करना है। आचार्य ने बताया कि संसार का उपकार मात्र विद्या से ही हो सकता है। आज सबसे अधिक आवश्यकता वैदिक विद्या की है। सबसे ज्यादा मानव का उपकार विद्या से ही हो सकता है।

माह फरवरी में गणेश चतुर्थी, एकादशी, वेलेंटाइन डे सहित कई महत्वपूर्ण पर्व, त्यौहार पड़ रहा है। सभी का अपना एक अलग महत्व है और सब के पिछे कुछ न कुछ प्रेरणादायी संदेश छिपा होता है। यही वजह है कि सभी पर्वो को उत्साह व विधि-विधान से मनाया जाता है।

# फरवरी में महाशिवरात्रि सहित कई त्यौहार

सभी का अपना एक अलग महत्व, छिपा होता है प्रेरणादायी संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 फरवरी को गणेश चतुर्थी पड़ रही है। यह हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार भारत के विभिन्न भागों में मनाया जाता है। शहर के गणेश मंदिरों में सिद्धि विनायक भगवान की विशेष पूजा की जाती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन का विशेष महत्व है।

### शिव मंदिरों में उमड़ेगी भीड़



महाशिवरात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 15 फरवरी को मनाया जाने वाला प्रमुख हिंदू त्योहार है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह और उनके दिव्य मिलन का प्रतीक है। इस रात, भक्त उपवास रखते हैं, रात भर जागरण करते हैं और शिवलिंग का विशेष अभिषेक कर 'ऊँ नमः शिवाय' और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हैं। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में सुबह से लेकर शाम तक पूजा चलती रहती है। लोग दर्शन, पूजन के लिए पहुंचते रहते हैं। शिव की भक्ति में व्रत रख कर भजन-कीर्तन किया जाएगा।





### गुलाब की होगी जमकर बिक्री



14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाया जाएगा। इस दिन प्रेमी जोड़ें एक-दूसरे के प्रति अपने प्रेम का इजहार वैलेंटाइन कार्ड भेजकर या फूल देकर करेंगे। आधुनिक वैलेंटाइन के प्रतीकों में दिल के आकार का प्रारूप, कबूतर शामिल है। डे के मद्देनजर फूल विक्रेता भी सक्रिय हो गए हैं। महानगरों से विविध कलरों के गुलाब की खेप मंगाने आर्डर करने लगे हैं। स्थानीय फूल विक्रेताओं से भी खरीददारी करेंगे। विक्रेताओं ने बताया कि वेलेंटाइन डे के एक दिन पहले से ही गुलाब की बिक्री शुरू हो जाती है। डे के दिन देर रात तक गुलाब खास कर लाल गुलाब बिकते रहता है।

### होगी माता सीता की पूजा

9 फरवरी को सीताष्टमी की धूम रहेगी। इसे जानकी जयंती भी कहते हैं। इसे फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाई जाएगी। इस दिन राम मंदिरों में माता सीता की विशेष पूजा कर श्रृंगार किया जाएगा। सुहागन महिलाएं सौभाग्य और सुख-समृद्धि के लिए उपवास रखेंगी। माता लक्ष्मी स्वरूपा सीताजी व भगवान राम की पूजा, आरती कर कथा का पाठ किया जाएगा। माना जाता है कि सीता अष्टमी व्रत को करने से सुहाग की रक्षा होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन गुड़ का सेवन करना अच्छा माना जाता है।

### 24 से होलाष्टक होगा आरंभ

24 फरवरी को होलाष्टक आरंभ हो जाएगा। इसका अर्थ होली से 8 दिन पूर्व की अवधि, जो फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से होलिका दहन पूर्णिमा तक रहती है। इन 8 दिनों को हिंदू धर्म में अशुभ माना जाता है, इसलिए विवाह, गृह प्रवेश, और नए व्यवसाय जैसे मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। यह समय भगवान विष्णु की भक्ति, पूजा-पाठ और तपस्या के लिए उत्तम माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार यह अवधि हिरण्यकश्यप द्वारा अपने विष्णु भक्त पुत्र प्रहलाद को 8 दिनों तक यातनाएं देने की याद दिलाती है, इसलिए इसे अशुभ माना जाता है।

दिया गया प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी

## डीपीएस के सफल प्रतिभागी विद्यार्थियों का सम्मान

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए पाठयेत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं में सफल रहे विद्यार्थियों का विशेष प्रार्थना सभा के माध्यम से प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान किया गया।



**बिलासपुर।** संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह ने विविध विधाओं में सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में प्रतियोगिता को ही अनिवार्य अंग बताते हुए सदा प्रयास करने पर बल दिया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रशासनिक अधिकारी आर.सी. मोहंती ने भी विद्यार्थियों को बधाइयां दी। कार्यक्रम की संयोजिका सुरेखा तिवारी रहीं। विशेष प्रार्थना सभा में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## तेलुगु महासंगम ने मनाई संक्रांति संदडी व माघ पूर्णिमा

**बिलासपुर।** तेलुगु महासंगम के तत्वावधान में महानदी तट पर माघ पूर्णिमा एवं संक्रांति संदडी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः श्रद्धालुओं द्वारा महानदी में पवित्र स्नान कर संक्रांति संदडी के विधिवत शुभारंभ के साथ की गई।

इस अवसर पर बच्चों एवं युवाओं द्वारा तेलुगु संस्कृति से ओत-प्रोत भक्ति गीत, पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ व खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों में तेलुगु परंपरा, संस्कृति और धार्मिक भावनाओं की सुंदर झलक देखने को मिली। तेलुगु महासंगम के संरक्षक पूर्व पार्षद एवं कोरबा विधानसभा प्रभारी वी रामा राव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित समाजजनों को माघ पूर्णिमा एवं संक्रांति संदडी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और आपसी एकता से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ज कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेबी. वेणुगोपाल राव, वाई. जग्गा राव, एन. रमना मूर्ति, पी. चंद्रबाबू, आर. श्रीनिवास राव, सी. श्रीनिवास राव, यू. मुरली राव, सुरेश पटनाला, एन. लोकेश, ए. वेंकटेश्वर राव, जीवी. रमना, पी. बाबू राव, एस. वी. रामकृष्ण राव, डी. प्रसाद राव, के. जीवन, अनुराधा, एवी. आर. मूर्ति सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### खेल में बच्चों ने बनाई जगह

खेल-कूद प्रतियोगिताओं में वर माला प्रतियोगिता में प्रथम, संतोष दंपति, द्वितीय कृष्णा राजू दल्लीराजाराह प्राप्त हुए। बच्चे का खेल में सुई धागा प्रतियोगिता गर्ल्स में प्रथम माही, द्वितीया दीक्षा, तृतीया ग्रितिका दल्लीराजरा प्रथम अन्नू रहे। द्वितीय लोकेश, कृष्णा, चॉकलेट्स बॉयज प्रथम अन्नू, द्वितिया अंकित बिलासपुर, लोकेश कोरबा, गर्ल्स प्रथम कु. चित्र दल्लीराजारा द्वितीय दीक्षा बिलासपुर,तृतीय इतिश्री, रस्सी कसी में महिलाए में ए टीम विजय हुए। बाकी प्रतिभागियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और अधिक बढ़ा।

## महिला कल्याण समाज ने किया रुद्राभिषेक

**बिलासपुर।** महिला कल्याण समाज, एसईसीएल इंदिरा विहार के सदस्यों द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से रुद्राभिषेक, हवन एवं आरती का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंदिरा विहार स्थित रामेश्वरम शिवालय मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम सचिव माधुरी तिवारी के नेतृत्व में संपादित हुआ।

इस अवसर पर महिला कल्याण समाज की महिलाओं द्वारा मंदिर में पीतल का घंटा भेंट स्वरूप चढ़ाया गया, जो समाज की ओर से आस्था एवं समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस आयोजन में नीति श्रीवास्तव, सुप्रभा आचार्य, सरिता चौहान, सरोज वस्त्राकर, संतोषी मेहता, पुष्पा पटेल, प्रभा तिवारी, राखी कोस्टा, माया राव, शेफाली घोष, दिव्या भौमिक, कविता घोष, भारती सिन्हा, गीता रावत, सीमा दिग्ग्रस्कर सुनीता जायसवाल, माया कपा ले, शशि सोनी, सविता शर्मा सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। महिला कल्याण समाज की सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सौहार्द एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है।

### आरती, हवन और प्रसाद का वितरण



# कोल इंडिया की मदद : 'जीवोदया परियोजना' से बचेगा रेशम कीट का जीवन

कोल इंडिया के सीएसआर फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती। इस तकनीक में रेशम के कीड़े रेशमी धागा उत्पन्न करने के बाद पतंगे में परिवर्तित होकर अपना प्राकृतिक जीवन चक्र पूर्ण कर पाते हैं। इस रेशम को 'जीवोदया सिल्क' नाम दिया गया है। परंपरागत रूप से शहतूत की पत्तियों पर पलने वाले रेशम के कीड़े अपने चारों ओर कोकून बनाते हैं। रेशम निकालने के लिए इन कोकूनों को उबाल दिया जाता है, जिससे लाखों रेशम कीड़ों की मृत्यु हो जाती है। रेशम के कीड़ों को कोकून बनाए बिना समतल सतह पर रेशमी धागा बुनने के लिए प्रशिक्षित किया गया। अब रेशम के कीड़ों को कोकून बनाने की आवश्यकता नहीं रहती और वे अंततः पतंगे के रूप में मुक्त होकर उड़ान भर पाते हैं। कोल इंडिया ने इस असाधारण प्रयोग को अवधारणा से सफलता तक पहुंचाने में निरंतर सीएसआर सहयोग के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।





### मेघालय में घासी समाज बचाता है जीवन

प्रकृति ने रेशम के कीट को ऐसा बनाया है कि वह ककून इसका निर्माण करने के दौरान खुद ही उलझ जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है लेकिन मेघालय की घासी कम्युनिटी ऐसे कीट का पालन करती है जो ककून बनाकर सुरक्षित बाहर आ जाते हैं। इसके बाद रेशम से कपड़े तैयार किए जाते हैं जिसे पीस सिल्क के नाम से दुनिया भर में पहचाना जाता है। भारत में रेशम का बाजार साठ हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोल इंडिया की मदद से सफल हुई तकनीक से जहां रेशम कीट का जीवन बचेगा वहीं बाजार में भी नई क्रांति आने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया राजिम चंपारण का शैक्षणिक भ्रमण

**लखराम।** जय हिंद पब्लिक स्कूल लखराम के बच्चों को शनिवार 31 जनवरी को जतमई राजिम चंपारण का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों भ्रमण का खूब आनंद उठाया। स्कूल के संचालक हरीश साहू के दिशा-निर्देश में शिक्षकों ने बच्चों को राजिम चंपारण जतमई के विशेषता को बताया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं धनसाय निर्मलकर, निकिता बैसवाड़े, सुमन कश्यप, नीलम साहू, अनुराधा साहू, ज्योति धीवर, प्रतिमा यादव, विकास प्रेमी, गायत्री साहू, आरती यादव के सहयोग से भ्रमण संपन्न हुआ।

## निधन

### जानकी देवी तिवारी



**बिलासपुर।** सरजू बगीचा मसानगंज निवासी जानकी देवी तिवारी का 2 फरवरी को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पं कालीचरण तिवारी की पत्नी, पं दीपक तिवारी, प्रतिभा तिवारी की मां, पं रामशंकर शुक्ल की सास एवं पं संकल्प तिवारी की दादी थीं।

### नरेंद्र भाई जेठालाल तेजाणी



**बिलासपुर ।** टिकरापारा जलाराम मंदिर के पास रहने वाले नरेंद्र भाई जेठालाल तेजाणी का 2 फरवरी को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी बुधवार को टिकरापारा से मधुबन श्मशान गृह के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी । वे सुदीप तेजाणी, सुनीता तेजाणी, लक्षिता तुरखिया के पिता थे।

### उषा साहू



**बिलासपुर।** जूनीलाइन निवासी उषा साहू का 86 वर्ष की उम्र में 2 फरवरी सोमवार को निधन हो गया है। वे स्व. बसंत राम साहू की पत्नी और श्रीवत्स, रामरंजन, मीरा, रामबिलास, प्रमिला एवं डा. पंकज साहू की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार 3 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे महासमुन्द जिले सलपपानी स्थित गृहग्राम में किया जाएगा।

### नर्मदा प्रसाद द्विवेदी



**मुंगेली।** ग्राम चालान के ज्योतिषाचार्य नर्मदा प्रसाद द्विवेदी का 30 जनवरी शुक्रवार को शाम 6 बजे निधन हो गया। वे शिवशरण द्विवेदी और उमाशंरण द्विवेदी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 31 जनवरी को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजाती एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भुनेश्वर यादव



**मुंगेली।** ग्राम करही निवासी भुनेश्वर यादव पिता रघुनाथ यादव उम्र 27 वर्ष का सड़क दुर्घटना में 31 जनवरी को निधन हो गया। वे आलोक यादव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम करही में 1 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीय एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गोपाल जायसवाल



**लोरमी।** ग्राम बिजराकापा कला निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी गोपाल जायसवाल का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी मंगलवार को लोरमी निवास वार्ड 13 से समीप के मुक्तिधाम के लिए सुबह 9 बजे निकलेगी। वे रघुवीर विद्यासागर जायसवाल के पिता थे।

## ताला महोत्सव लोककला और ऐतिहासिक चेतना का प्रतीक: सुशांत

# जन आस्था को एक सूत्र में पिरोने वाला आयोजन है ताला महोत्सव

**अद्भुत समन्वय है ताला की कलाः अमर**

**कौशिक ने की महोत्सव की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अध्यक्षता में बिल्हा विधानसभा अंतर्गत देवरानी-जेठानी मंदिर परिसर में ताला महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि ताला क्षेत्र अपनी अद्वितीय पुरातात्त्विक विरासत, विशेष रूप से प्राचीन मंदिर स्थापत्य और अप्रतिम शिल्पकृतियों के लिए विख्यात रहा है। यहां की कला में हमारी ऐतिहासिक चेतना, सौंदर्यबोध और आध्यात्मिक दृष्टि का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। ताला की भूमि ने सदियों से भारतीय कला और संस्कृति को समृद्ध किया है। यह महोत्सव न केवल हमारी समृद्धि संस्कृतिक धरोहर और गौरव का



प्रतीक है बल्कि यह अध्यात्मिक चेतना, लोककला और जन आस्था को एक सूत्र मे पिरोने वाला अनुपम आयोजन है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस वर्ष से ताला महोत्सव में दिन के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत एक सराहनीय पहल है, जिससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ताला की रुद्र शिव प्रतिमा जैसी मूर्ति विश्व में कहीं और नहीं है, जिसके शरीर और चेहरे पर उकेरी गई विभिन्न जीव-जंतुओं की आकृतियां इसकी अद्वितीय विशेषता हैं। उन्होंने कहा कि आयोजित सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति, कला और विरासत की जीवंत झलक देखने को मिली। ताला महोत्सव जैसे आयोजन न केवल स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सांस्कृतिक चेतना, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता को भी सुदृण बनाता है। इस मौके पर उपस्थित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा ताला में एकत्रित हुए हैं, जहाँ, संस्कृति और कला एक-दूसरे से संवाद करती प्रतीत होती हैं। ताला महोत्सव केवल एक मनोरंजन नहीं बल्कि लोककला और ऐतिहासिक चेतना का जीवंत उत्सव है। इस मौके पर उपस्थित क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ताला की पहचान यहां स्थित विश्वविख्यात पुरातात्विक धरोहरों से है, जो हमें हमारी प्राचीन स्थापत्य कला, आध्यात्मिक चिंतन और सांस्कृतिक उत्कर्ष की याद दिलाती हैं। यह महोत्सव उन विरासतों को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# महामाया देवी के दर्शन कर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए धरम







**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने जन्मदिन पर सर्वप्रथम रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर में मां महामाया की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महामाया से वात्सल्य और शक्ति से जीवन सदा धर्म, सेवा और सद्भाव के पथ पर अग्रसर रहने की प्राथना की, तत्पश्चात श्री कौशिक विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जन्मदिवस पर बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तिफरा के वार्ड क्रमांक 6 में कुल 9 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधिवत भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री कौशिक ने क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान महिला स्व-सहायता समूह की बहनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही क्षेत्र के समाज के प्रबुद्धजनों का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। यह अवसर क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा। मेरे जन्मदिन के उपलक्ष्य में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। स्नेह और उत्साह के प्रतीक स्वरूप लड्डुओं से तौलकर स्नेहपूर्ण अभिनंदन किया गया, जो कार्यकर्ताओं के अपार प्रेम और विश्वास को दर्शाता है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के जन्मदिन के पावन अवसर पर पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम लौदा एवं नगर पंचायत पथरिया के बस स्टैंड परिसर में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा स्नेह, सम्मान व स्वागत किया गया, जो भावविभोर करने वाला रहा। इस मौके पर रविन्द्र पाटनवार, सागर बंजारे, संदीप वर्मा, देव साहू, संतोष कश्यप, विजय श्रीवास, रामकुमार कौशिक, भृगु अवस्थी, इंद्रजीत क्षत्रीय, लव कौशिक, मोनू यादव, तोश कौशिक, जजितेन्द्र गोलू निर्णेजक, रितेश, आयुष कौशिक आदि मौजूद थे।



## भजनों की प्रस्तुति कर बांधा समा

**तखतपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा श्रीराम सदन में भजन संध्या का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के गायक कृष्णा के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।

नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जगणेश वंदना से प्रारंभ हुई भजन संध्या में श्री कृष्णा ने हरि सुंदर नंद मुकुंदा, शिव स्तुति, नारायण नारायण हरि बोल, राधे राधे श्याम सहित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति कर समा बांध दिया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध कोर्स इंस्टीट्यूशन प्रक्रिया का प्रदर्शन रुद्र देवांगन के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ने की कला एवं इससे होने वाले फायदे को प्रदर्शित किया। प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा, लीना छाबड़ा, संदीप वाजे ने इंस्टीट्यूशन कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चे की अद्भुत प्रतिभा को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूजा मक्कड़, बृजराज किशोर महोबिया, वरुण सिंह ठाकुर ने सराहा। अंत में सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप सहित प्रशिक्षक मनीष सोनी, उपेंद्र खुराना, परवेज भारमल, ध्रुव तंबोली, सतीश शिवहरे, अतुल गुप्ता, डॉ अश्विनी गुप्ता, डॉ अपर्णा गुप्ता, लक्ष्मी देवांगन, योगेश कश्यप, शेखर सोनी, प्रांजल, डॉ गिरधारी, हेमंत साहू, मुकेश वर्मा, संजय कौशिक, संतोष कश्यप, संजू सोनी, डॉ हिमेत कारड़ा, सविता देवांगन, ममता यादव, प्रेरणा सिंगरौल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जले आस्था के दीप, शिवनाथ की आरती में उमड़े श्रद्धालु



शिवनाथ पूजन उत्सव आरती में उपस्थित ग्रामीण भक्तजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दगोरी

आस्था की प्रतीक जीवन दायिनी शिवनाथ नदी पूजन आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन आस्था श्रद्धा के साथ शामिल हुए। गंगा मईया, शिवनाथ मईया की जयघोष के साथ आरती पूजन में क्षेत्र के गांव के लगभग 650 श्रद्धालुभक्त जन शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य पं. राजा चौबे द्वारा मंत्रोंच्चार पूजन कराया गया। सभी भक्तजन बड़े ही श्रद्धाभक्ति भाव से शिवनाथ के तट पर मावली माता मंदिर के पास शक्ति माता की पूजा अर्चना कबीर चौक, कूटी पारा कीर्तन मंडली तथा कर्मा सेवा समिति द्वारा मादर की थाप पर सेवा गीत आराधना करते रहे। इस दौरान प्रमुख गणमान्य जनों में जनपद सभापति राजकुमार साहू, एडवोकेट श्यामता सन्नाट, ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा अध्यक्ष विनोद वर्मा, सचिव कमल गर्ग, हरीश महराज, दर्शन लाल कौशिक, बलदाऊ कौशिक, श्याम सुंदर सन्नाट, आयोजन समिति प्रमुख बेसाखू निषाद, बजरहा निषाद, प्रमुख यजमान पूर्व सरपंच बिंदा गोमती निषाद, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मल कर, भागीरथी निषाद, श्रवण कौशिक, संतोष पारकर, कौशल निषाद, राधेश्याम कौशिक, भागवत कौशिक सुनीता वर्मा, पूर्णिमा सन्नाट, उर्मिला निषाद, श्यामा गौरी निषाद, बहोरिक साहू, परमेश्वर निषाद, चंदा निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





# पंडरापथरा में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

**बिलासपुर।** ग्राम पंडरापथरा में महिलाओं ने जन जागरूकता रैली निकाली। रैली में समाज में बढ़ते नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यह रैली साई बाबा ग्राम संगठन द्वारा पंडरापथरा से बेलगहना बस्ती तक निकाली गई। रैली में सभी ग्रामवासियों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# चुनिंदा लोगों के सपनों पर बना है बजट: लहरिया



**सीपत।** केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा 1 फरवरी को पेश किए गए वर्ष 2026–27 के आम बजट पर मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे जमीनी सच्चाई से कटा हुआ और आम जनता की पीड़ा को नज़रअंदाज़ करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के मेहनतकश वर्ग, किसानों, बेरोजगार युवाओं और मध्यम वर्ग की वास्तविक समस्याओं का समाधान देने में पूरी तरह असफल साबित होगा। विधायक लहरिया ने कहा कि सरकार ने कृषि और ग्रामीण विकास की बातें तो बड़े स्तर पर की हैं, लेकिन किसानों को लागत से राहत, उपज का वाजिब दाम और कर्ज़ से मुक्ति जैसे मूल मुद्दों पर स्पष्ट योजना नहीं दिखाई देती। खेती लगातार महंगी हो रही है। डीज़ल, खाद, बीज और बिजली की कीमतें किसानों की कमर तोड़ रही हैं, लेकिन बजट में राहत का ठोस रास्ता नज़र नहीं आता, लहरिया ने कहा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए बिना देश की प्रगति संभव नहीं, लेकिन इस दिशा में बजट में वास्तविक प्रतिबद्धता कमजोर दिखती है।

## युवाओं के सपनों पर पानी फेरने वाला बजट : चित्रकांत



**सीपत।** छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्प बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास ने केंद्रीय बजट को अब तक का सबसे निराशाजनक, जनविरोधी और दिशाहीन बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश की आम जनता की उम्मीदों पर कुठाराघात है और इसमें गांव, गरीब, किसान, श्रमिक, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग किसी के लिए भी ठोस राहत या विकास की स्पष्ट दिशा दिखाई नहीं देती। श्रीवास ने कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश इस समय बेरोजगारी और महंगाई जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार ने बजट में इन दोनों मुद्दों पर ठोस और व्यावहारिक समाधान देने के बजाय केवल आंकड़ों का खेल खेला है। उनके अनुसार, जब देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, किसान लागत और कर्ज से परेशान है, महिलाएं महंगाई से घर का बजट संभालने में असमर्थ हैं ऐसे समय में यह बजट राहत देने के बजाय निराशा बढ़ाने वाला साबित होगा।

## बेरोज़गारी पर परदा डालने का दस्तावेज़: राजेंद्र



**सीपत।** आम बजट प्रतिक्रिया देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने इसे जनविरोधी और जमीनी हकीकत से कटा हुआ बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग की वास्तविक परेशानियों को दूर करने में पूरी तरह असफल साबित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बड़े-बड़े वादों और शब्दों का जाल तो बुना है, लेकिन आम आदमी की जेब पर पड़ रहे बोझ को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए जो प्रावधान बताए गए हैं, वे केवल कागज़ी हैं। किसान आज भी लागत के मुकाबले सही समर्थन मूल्य के लिए संघर्ष कर रहा है। खाद, बीज, डीज़ल और बिजली महंगी होती जा रही है, लेकिन बजट में राहत का कोई ठोस रास्ता नहीं दिखाया गया।

# मटियारी धाम में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**बोदरी।** मटियारी धाम स्थित अरपा-शिवनाथ संगम तट के चतुर्भुज मंदिर प्रांगण में मांगी पूर्णिमा मेले का आयोजन 1 से 7 फरवरी तक किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ रविवार को श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की हजारों माता-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कथा व्यास के रूप में आचार्य लवलेश कृष्ण शास्त्री उपस्थित रहे। प्रथम दिवस उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे सुनने हेतु



बड़ी संख्या में श्रद्धालु मटियारी धाम पहुंचे। आयोजन के प्रेरणास्त्रोत बाल योगी, बाल ब्रह्मचारी, यज्ञ सम्राट संत श्री राम शिरोमणि दास जी महाराज ने बताया कि, इस वर्ष का आयोजन ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस आयोजन के मुख्य यजमान राजू दुबे हैं। कार्यक्रम के आयोजक सरपंच मनोज क्षत्री, सोमेश तिवारी, रामप्रसाद राज, मोहन ध्रुव, राधेश्याम पटेल, नवीन तिवारी, धनीराम पटेल, अंजोर सिंह पटेल एवं मांगु पटेल हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक / कार्यालय / रा.नि./क्यू./2026 कोनी / दिनांक 02/02/2026 /

1. नमिता सोनी पिता–नरेन्द्र सोनी वगैरह 2. शक्ति सिंह 3. अशोक कुमार 4. रामाधार 5. मनबोध 6. रामप्रसाद 7. बबलू सिंह व अन्य हितबद्ध पक्षकार /समीपी भूमि स्वामी ।

विषयः सीमांकन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम लोफंदी प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मंडल–कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 1054/2, 1054/3 रकबा क्रमशः 0.1210 हे., 0.2830 हे. के सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 06/02/2026 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.म.-कोनी, तहसील-बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: नोटिस प्रकाशन :-**

क्रमांक/379 / वा. तह.बोदरी / 2026

बोदरी दिनांक 30/01/2026

प्रति,
सरोजनी कौशिक पति संतोष कौशिक निवासी तिफरा तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक संजय उपाध्याय पिता स्व. ओंकार प्रसाद निवासी ग्राम सेंवार तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम भटगांव प.ह.न. 08 तहसील बोदरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 358, 372/3, 374/2 रकबा क्रमशः– 0.121, 0.202, 0.081 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। जिस पर काबिज कास्त करते चले आ रहे है। वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में खसरा नंबर 372/3 रकबा 0.315 हे. भूमि सरोजनी कौशिक पति संतोष कौशिक के नाम पर त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किया जाकर आवेदक के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई का दिनांक 17/02/2026 को 11:00 बजे स्थान तहसील बोदरी पर नियत किया गया है।

अतः आपको एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि आप या तो स्वंय या किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा नियत दिनांक पर उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां कोई हो प्रस्तुत करें।

इस प्रकार उपस्थित न हो पाने पर और अपनी आपत्तिया प्रस्तुत न कर पाने की दशा में यह अनुमान किया जायेगा कि आपको अभिलेख त्रुटि सुधार किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है।

आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बोदरी, जि.बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार नाथूराम उर्फ नाथूलाल एवं संतलाल दोनों पिता स्व. जोहन साहू एवं श्रीमती भगनी पति स्व. जोहन साहू निवासी ग्राम अमसेना, पो. चकरभाटा, तह. सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम एवं स्वामित्व की भूमि जो उक्त ग्राम अमसेना स्थित खसरा नंबर 558/2, रकबा 1.25 एकड़ है तथा उक्त ग्राम अमसेना में ही श्रीमती राजकुमारी पति श्री प्रेमलाल साहू के नाम पर खसरा नंबर 558/3, रकबा 0.73 एकड़ स्थित है। उक्त दोनों भूमि वर्तमान में व्यपर्वित (Diverted) है, जिसे पूर्व में उक्त किसानों / भूस्वामियों ने योगेश कुमार गुप्ता पिता स्व. किशन लाल गुप्ता के पास बिक्री हेतु अनुबंधित किया था, जिसमें आपसी सहमति से भावी क्रेता एवं बिक्रेता ने उक्त इकरानामा को दिनांक 31.01.2026 को पूर्ण रुप से निरस्त करा लिया है तथा उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का या राशि संबंधी लेन-देन वगैरह का विवाद नहीं है तथा उक्त भूमि के मेरे पक्षकार नाथूराम उर्फ नाथूलाल एवं संतलाल तथा श्रीमती भगनी पति स्व. जोहन एवं श्रीमती राजकुमारी पति श्री प्रेमलाल साहू ही सर्वेसर्वा स्वामी हैं, जिसके संबंध में अन्य किसी को निर्णय लेने का अधिकार भी नहीं है।

अतः उक्त ग्राम अमसेना स्थित खसरा नंबर 558/2, रकबा 1.25 एकड़ के संबंध में किसी प्रकार का विवाद नहीं होने के संबंध में सूचना जानें।

**भवदीय**
**एस. बी. पाण्डेय (अधिवक्ता)**
**कार्यालय - जोरापारा, नया सरकंडा, बिलासपुर (छ. ग.) पिन - 495006**
**मो. नं. 8827987287**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकरी जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**

ग्राम- भरनी तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम भरनी तहसील सकरी जिला–बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक लतेल साहू पिता छवि लाल साहू निवासी भरनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने माता गया बाई साहू पिता/पति छवि लाल साहू की मृत्यु स्थान भरनी में दिनांक 31/07/2025 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म /मृत्यु, ग्राम पंचायत/नगर पालिक निगम ...को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. मृत्यु रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में निमय पेशी दिनांक 09/2/26 को अपना आपत्ति–दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति–दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया।

**कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी – 231, आबंटी श्री पी. सुरेश राव पिता स्व.पी.एन. राव, के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक– 07.10.2006 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को क्रेता श्रीमती प्रमिला पाण्डेय पति श्री अशोक पाण्डेय, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पुराना नाम चरनपाल सिंह पिता बलबीर सिंह अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम चरनपाल सिंह अरोरा पिता बलबीर सिंह अयोध्या नगर, सेंट फ्रांसिस अरोरा निवास– 4/732 स्कुल के पास बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूँ।

अतः अब मुझे भविष्य मे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों मे नाय नाम चरणपाल सिंह अरोरा पिता बलबीर सिंह अरोरा जाना एवं पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**
**चरणपाल सिंह अरोरा**
**पिता बलबीर सिंह अरोरा**
**4/732 अयोध्या नगर**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार नजरा बेगम आयु 41 वर्ष पति करीम कुरेशी निवासी–वार्ड नंबर 11, मंगला बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा–सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 670/51 रकबा 2170 वर्गफीट, शीट नंबर 29, प्लाट नंबर 59, जिल्द नंबर 04, पृष्ठ नंबर 105 स्थित भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में अजय कुमार साहू आयु 45 वर्ष पिता स्व. महात्माराम साहू निवासी–भिलाई म.नं. 559/ सी चरौदा जोन–12 पाटन तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर स्थित है, जिसे अनुबंधकर्ता परशुराम खैरवार आयु 54 वर्ष पिता गुजेश्वर प्रसाद खैरवार निवासी– 3/60 चन्दन आवास राजकिशोर नगर लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अतः उक्त भूमि के क्रय–विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 20 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

सो आम सूचना जाने।

बिलासपुर, दिनांकः 02/02/2026

**(संतोष वस्त्रकार) अधिवक्ता/नोटरी)**
**पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9302518147**
**नजरा बेगम मो. 9399535027**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी जरहागांव**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र....../ब–121/2025–26
ग्राम सेमरचुवा प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम सेमरचुवा वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/कु. बसंत कुमार पटेल पिता/पति गोरेलाल जाति मरार निवासी ग्राम कोनी बिलासपुर तहसील, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने नानी मांजर बाई के जन्म/मृत्यु दिनांक 21.12.2000 को ग्राम पंचायत सेमरचुवा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 06.02.2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले का नोटिस**

क्रमांक / तह./वा–1/2022
बिलासपुर, दिनांक 13/01/2026

प्रति,
हजारीलाल पिता रामशरण श्रीवास निवासी सीपत तह. व जिला बिलासपुर

**विषयः** पेशी तिथि में उपस्थिति बाबत।

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक A6A/2024–25 पक्षकार इंदिरा देवी पति / श्री चन्द्र कुमार मौजा मोपका तह. व जिला बिलासपुर स्थित कृषि भूमि ख.नं. 847/1 क/8, 847/2 क/8 एवं 847/3 क/8, रकबा में से 1674 वर्गफीट का अभिलेख दुरुस्ती / नामांतरण/खाता विभाजन किये जाने का आवेदन पेश किया गया है। चूँकि वाद भूमि में सुनवाई दिनांक 16/02/2026 को आपकी उपस्थिति हेतु नियत किया गया है।

अतः आप उक्त संबंध में अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी योगेश्वर दास मानिकपुरी उम्र 33 वर्ष पिता श्री सुखम दास मानिकपुरी निवासी स्कूल चौक, चिंगराजपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नरेन्द्र कुमार रात्रे पिता कुमारलाल रात्रे निवासी नवापारा तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार के नाम पर दर्ज भूमि मौजा बिजौर प.ह.न. 27 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 1/130 रकबा 1225 वर्गफुट भूमि को अनुबंधकर्ता खगेश गुप्ता पिता श्री सत्यनारायण गुप्ता निवासी बहतराई बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री करा लिया जायेगा अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 08 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

कृपया अवगत हो।

**कुलदीप शर्मा**
**अधिवक्ता / नोटरी**
**कार्यालयः- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.न. 9827943402**



## खबर संक्षेप

### एसईसीएल में मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना के लिए एमओयू



**बिलासपुर।** एसईसीएल ने टीबी एवं अन्य फेफड़ों से संबंधित रोगों की रोकथाम एवं उपचार के लिए 'प्रोजेक्ट एसएचडब्ल्यूएएस के क्रियान्वयन के लिए आश्रय फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह परियोजना एसईसीएल की सीएसआर पहल के अंतर्गत कोरबा जिले में संचालित की जाएगी, जिसके लिए 4.99 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। एमओयू पर हस्ताक्षर एसईसीएल मुख्यालय में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर एसईसीएल की ओर से सी. एम. वर्मा, महाप्रबंधक (सीएसआर) तथा आश्रय फाउंडेशन से नलिन जोहरी, कार्यकारी निदेशक ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी तरह की पहली एआई-आधारित मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना होगी, जिसके माध्यम से टीबी एवं अन्य फेफड़ों की बीमारियों की घर-घर जाकर जांच, शीघ्र पहचान तथा उपचार से जोड़ने की सुविधा दी जाएगी। परियोजना के अंतर्गत निवारक, संवर्धनात्मक एवं ओपीडी आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। परियोजना के प्रमुख घटकों में प्री-टीबी लक्षणों का प्रारंभिक उपचार एवं प्राथमिक चिकित्सा सहायता, उपचार अनुपालन की निगरानी एवं फॉलो-अप, टीबी रोगियों के लिए देखभाल एवं स्वच्छता किट, मासिक पोषण एवं वेलनेस किट के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं भी शामिल हैं।

### विद्युत विभाग ने मनाया छत्तीसगढ़ राज्य का रजत जयंती महोत्सव



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नगर संभाग–1 (पूर्व) द्वारा 2 फरवरी को सिंधु भवन तोरवा में रजत जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें नियमित उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया किया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने इस अवसर पर विद्युत विभाग की विगत 25 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों, सेवा प्रणाली में किए गए सुधारों, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सुविधाओं के विस्तार एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एकल बत्ती, घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि तथा सोलर कनेक्शन श्रेणी के चयनित उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवा एवं अनुशासित विद्युत उपयोग के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य उपभोक्ता हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष दीपक ठाकुर, राकेश लालवानी, आशुतोष शर्मा, पार्षद लक्ष्मी यादव, पार्षद कविता सुब्रतदता, विजय ताम्रकर, प्रवीण सेन गुप्ता, पार्षद मोती गंगवानी, पार्षद केसरी सुंदर सिंह , पार्षद पुष्पेंद्र साहू , पार्षद इब्राहिम खान अब्दुल, पार्षद लक्ष्मी कृष्णा रजक, अधीक्षण यंत्री पी. श्रीनिवास राजू , कार्यपालन यंत्री हेमंत कुमार चंद्रा, सहायक यंत्री चंद्रेश कुमार पाटकर, रवि ध्रुव, नंदिनी आदिल, वर्षा सोनी, डिप्टेन मुखर्जी आदि मौजूद थे।

### विश्व आर्द्रभूमि दिवस : ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**बिलासपुर।** विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर कोपरा जलाशय क्षेत्र में आर्द्रभूमियों के संरक्षण और उनके महत्व को लेकर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को कोपरा जलाशय में वेटलैंड मित्रों एवं स्वयंसेवकों के साथ पक्षी अवलोकन गतिविधि आयोजित की गई। इसमें जलाशय में आने वाले स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की पहचान और उनके महत्व पर चर्चा की गई। वेटलैंड क्लीन अप अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीण, वेटलैंड मित्र, डब्लूडब्लूएफ इंडिया की टीम, वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी व बिलासपुर के जागरूक नागरिकों ने हिस्सा लिया।

**पूर्व के वेतन भुगतान की होनी है वसूली** | पांच नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों की रेगुलर नियुक्ति को संविदा में परिवर्तित करने का हुआ निर्णय

# विवि प्रशासन व वित्त विभाग के बीच फंसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर के अधिकारियों-कर्मचारियों की सैलरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजीसी ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में कार्यरत टेक्निकल आफिसर व सेक्शन आफिसर सहित पांच कर्मचारियों के सैलरी का मामला यूनिवर्सिटी प्रशासन और वित्त विभाग के बीच फंस गया है। यूनिवर्सिटी ने उन पांचों कर्मचारियों की सैलरी फिलहाल रोक दी है, जिनकी रेगुलर नियुक्ति को संविदा में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्टेडिंग कमेटी के निर्णय पश्चात एमएमटीटीसी के पांच कर्मचारियों का सैलरी रोक दिया गया है। यूजीसी मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी को पहले एचआरडीसी और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज के नाम से जाना जाता था। यह एक टीचर ट्रेनिंग सेंटर है, जहां पर टीचरों को ओरिएंटेंशन कोर्स, रिफ्रेशर कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। इस ट्रेनिंग सेंटर में नियुक्ति के संबंध में यूजीसी से पत्र आया है, उसके बाद गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 20 जनवरी को एकेडमिक कौंसिल की स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह मामला रखा गया और स्टेडिंग कमेटी में एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा इन्हें कार्यकालिक नियमिति



नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यूजीसी ने एमएमटीटीसी में आवश्यकतानुसार संविदा आधार पर सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही है। स्टेडिंग कमेटी के इस निर्णय के साथ ही इन सभी कर्मचारियों से उन्हें जितना वेतन भुगतान किया गया है उस आधिक्य भुगतान राशि की वसूली भी होना है। इसलिए इन कर्मचारियों के वेतन अटक गया है।

### वर्ष 2023 में विज्ञापन निकालकर की गई थी भर्ती

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के यूजीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए 17 मई 2023 को विज्ञापन निकाला गया था। इस विज्ञापन के अनुसार टेक्नीकल आफिसर ,सेक्शन आफिसर, जूनियर असिस्टेंट, सीनियर असिस्टेंट, हास्टल अटेडेंट, मल्टी टास्किंग स्टाफ इन पदों पर भर्ती की गई थी। यूनिवर्सिटी में एकेडमिक कौंसिल के स्टेडिंग कमेटी में जिन गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के संबंध में निर्णय हुआ है वे 2023 वाले विज्ञापन वाले पद हैं।

### इन अधिकारियों-कर्मचारियों की अटकी सैलरी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन पांच लोगों की नियमित नौकरी को संविदा में तब्दील किए जाना है और जिनकी सैलरी फिलहाल अटक गई है। इनमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार का नाम शामिल हैं। इनमें ज्यादतर यूनिवर्सिटी स्टाफ के रिस्तेदार बताए जा रहे हैं जैसे कि टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला यूनिवर्सिटी में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर गणेश शुक्ला की पत्नी तथा सेक्शन आफिसर आरची वर्मा एमबीए डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेमशंकर द्विवेदी की पत्नी एवं जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय कुलपति के बंगला के कर्मचारी की पुत्री बताई जा रही हैं।

टर्मिनल के बाहर यात्रियों के परिजनों को मिल सकेगी सुविधा

# एयरपोर्ट पर मिलेगी कैंटीन व अन्य सुविधा, पीडब्ल्यूडी ने निर्माण किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबे समय से बिलास देवी केंवट एयरपोर्ट पर टर्मिनल के बाहर यात्री सुविधाओं की मांग की जा रही थी। हाल ही में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। इसके बनने के बाद यात्रियों विश्राम शेड और कैंटिन की सुविधा मिलेगी। साथ ही टायलेट का निर्माण भी किया जा रहा है।

- 2 माह में काम पूरा होने की उम्मीद

गौरतलब है कि बिलासा एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाओं का लंबे समय से अभाव है। यात्री व परिजनों को एयरपोर्ट छोड़ने के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं होने के कारण फ्लाइट की देरी की वजह से इंतजार करना पड़ता है। बारिश और ठंड के दिनों में दृश्यता सही नहीं हो तो फ्लाइट की लेटलतीफी होती है, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। यात्री एयरपोर्ट पर पहुंचकर लंबे समय तक इंतजार करते हैं। इस सब के बावजूद वहां टर्मिनल भवन के बाहर टॉयलेट नहीं है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कुछ समय पहले ही पेड़ के नीचे बैठकर यात्रियों के द्वारा खाना खाया जाने की तस्वीरें साझा की थी। बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा 2 माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



### रनवे विस्तार और बाउंड्री वाल निर्माण

जमीन हस्तांतरण के लिए केन्द्र सरकार के खाते में पैसे जमा किए जा चुका है। जमीन हस्तांतरण और रनवे विस्तार और बाउंड्री वाल का निर्माण किया जाना है, लेकिन इसमें विलंब हो रहा है। समिति के सदस्यों ने भी राज्य सरकार से बिलासा एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी में विकसित करने के लिए एक समय बद्ध कार्यक्रम की मांग की है।

### धरने में यह रहे शामिल

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना शनिवार को जारी रहा, रवि बनर्जी, नारद श्रीवास, केशव गोरख, मनोज श्रीवास, बद्री यादव,अहमद बबला, प्रतीक तिवारी, अमर बजाज, शेख अल्फाज, परसराम कैवर्त, शिरीष कश्यप,शिवा मुदलियार, अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत आधारशिला : तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए इसे "विकसित भारत" के निर्माण की दिशा में एक दूरदर्शी, समावेशी और परिवर्तनकारी दस्तावेज बताया है। यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त रोडमैप है।



श्री साहू ने कहा कि 53.5 लाख करोड़ रुपए के कुल परिव्यय और लगभग 27 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय के साथ यह बजट देश की विकास यात्रा को नई गति देगा। राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखते हुए विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित किया गया है, जो सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि यह बजट तीन "कर्तव्यों" पर आधारित है— आर्थिक विकास, जनसशक्तिकरण और समावेशी प्रगति। श्री साहू ने अवसंरचना क्षेत्र में 12.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत निवेश को "विकास का इंजन" बताते हुए कहा कि इससे फ्रेट कॉरिडोर, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और शहरी आर्थिक क्षेत्रों का विस्तार होगा, जिससे रोजगार सृजन और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। विश्वविद्यालय टाउनशिप, महिला छात्रावास, पर्यटन और खेलो इंडिया मिशन जैसी पहलें युवाओं को नई संभावनाएं प्रदान करेंगी।

0 छग के लिए यह बजट नए विकास लेकर आया है

छत्तीसगढ़ के संदर्भ में श्री साहू ने कहा कि यह बजट राज्य के लिए नए अवसर लेकर आया है। बायोफार्मा हब, सेमीकंडक्टर मिशन, टेक्सटाइल पार्क, एमएसएमई सहायता, कार्बन क्रेडिट और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी योजनाएं राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देंगी। उन्होंने बताया कि 5,000 करोड़ के अर्बन इकोनॉमिक रीजन, म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोत्साहन और शहरी बुनियादी ढांचे के सुधार से छत्तीसगढ़ के शहरों को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही कर सुधारों से नागरिकों और उद्यमियों को पारदर्शी और सरल व्यवस्था का लाभ मिलेगा। यह बजट युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण, समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सवर्ण समाज ने रैली निकालकर जताया विरोध

**बिलासपुर।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के नए नियमों के खिलाफ सोमवार को सवर्ण समाज में आक्रोश देखने को मिला। समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में रैली निकालकर विरोध जताया।

- कलेक्टोरेट का घेराव कर जमकर नारेबाजी

रैली देवकीनंदन चौक से शुरू होकर कलेक्टोरेट पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और कलेक्टोरेट का घेराव कर हंगामा किया। इस दौरान कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान गेट पर ही हनुमान चालिसा का पाठ किया। सोमवार दोपहर देवकीनंदन चौक से जैसे ही रैली शुरू हुई, पूरा इलाका नारेबाजी से गूंज उठा। हाथों में बैनर-तख्तियां लिए सवर्ण समाज के लोग यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए कलेक्टोरेट की ओर बढ़े। "यूजीसी एक्ट वापस लो" जैसे नारों से माहौल गरमाया रहा। दोपहर में रैली कलेक्टोरेट पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने घेराव कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान समाज के बुजुर्गों ने कहा कि, यूजीसी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ हैं और इससे समाज में असंतुलन पैदा होगा।



### समाज को बांटने के लिए आरक्षण लागू

लोगों ने कहा कि संविधान में कानून बनाया गया है। जिसके तहत कानून के खिलाफ सभी वर्ग के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। गुरु घासीदास बाबा ने भी कहा है कि मनखे-मनखे एक समान है लेकिन, वर्तमान में समाज को बांटने के लिए आरक्षण लागू किया है। इसे अब शिक्षा के मंदिर तक फैलाकर गंदगी की जा रही है। लोगों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पर रोक दी है। अब केंद्र सरकार को अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वो इस काला कानून को वापस लेगी या नहीं।

### शिक्षा के साथ खिलवाड़ बंद करो

प्रदर्शन के दौरान यूजीसी के नए एक्ट को शिक्षा और समाज के लिए नुकसानदायक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारी "यूजीसी एक्ट वापस लो", "शिक्षा के साथ खिलवाड़ बंद करो" जैसे नारे लगाते नजर आए। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि, आजादी के बाद से सवर्ण समाज के साथ अन्याय हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सिस्टम पर सवाल उठाते हुए जो फैसला दिया है, वो सर्व समाज के हित में है। संविधान में उल्लेख है कि भारत में किसी धर्म और भेदभाव नहीं होना चाहिए लेकिन, हमेशा से सवर्ण के खिलाफ बातें होती हैं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

**बिलासपुर।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सह अपराध नियंत्रण मंच द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा का आयोजन सत्संग भवन जूना बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव प्रताप साव एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड क्रं. 35 के पार्षद आशीष गुप्ता थे। इस कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करके सही चिकित्सा करने के लिए प्रोत्साहित करना था यह कार्यक्रम वर्ल्ड चेयरमैन गौतम पांडेय के मार्गदर्शन में तथा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीलेश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, प्रदेश सचिव लव श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव डा अर्नब मुखर्जी, जिला अध्यक्ष धनंजय चंद्रवंशीख जिला उपाध्यक्ष रश्मि राव, जिला महासचिव ख्यति देवांगन, डा नितिन नायडू, पूजा श्रीवास्तव, सुनील मोरे आदि उपस्थित रहे।

### विकसित भारत को मजबूत करेगा बजटः रामाराव



भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद वी रामाराव ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला, सर्वसमावेशी और भविष्यदृष्टि से भरपूर है। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और उद्योग जगत सभी के हितों का संतुलित रूप से ध्यान रखा गया है। कर सुधारों के माध्यम से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है, वहीं 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त कर आम नागरिक की क्रयशक्ति बढ़ाई गई है। वेतनभोगियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर छूट में वृद्धि स्वागतयोग्य कदम है।

### ऐतिहासिक और युवा-हितैषी बजट : केसरी



सन्नी केसरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर ले जाने वाला दूरदर्शी, संतुलित और समावेशी बजट है। यह बजट युवा, किसान, महिला, मध्यम वर्ग, स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए नए अवसरों का सृजन करता है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को मजबूती देता है और भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम है।

# भाजपा ग्रामीण में अजा-जजा मोर्चा के जिला व मंडलों की सूची जारी

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों में पदाधिकारियों की नियुक्ति का सिलसिला चल रही है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल ने अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों कार्यसमिति सदस्य और विभिन्न मंडलों में मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की सूची जारी की है।

- भाजपा संगठन में नियुक्तियों का सिलसिला जारी

भाजपा ग्रामीण ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा में इस बार जिला में महामंत्री पद की जिम्मेदारी महिलाओं को दी है जिसमें मस्तूरी से श्रीमती सरस्वती सोनवानी और बेलतरा से ललिता मरकाम को दी गई है। इसी तरह अनुसूचित जाति मोर्चा में बेलतरा से हरबंश कस्तूरिया और मस्तूरी से पृथ्वीपाल राय महामंत्री बनाए गए हैं। जिला अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला पदाधिकारियों सहित 49 लोगों की टीम तैयार की गई है। इसके साथ ही जनजाति मोर्चा में 42 लोगों की टीम बनाई गई है। इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल सहित महामंत्री द्वय यश मनहर व जनक देवांगन तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष लखन पैकरा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम रात्रे ने सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने की सलाह दी है।

### सोशल मीडिया पदाधिकारियों की घोषणा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी, सहप्रभारी एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार और भाजपा जिला शहर कोर ग्रुप के निर्णयानुसार शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की अनुशंसा से सोशल मीडिया जिला संयोजक देवेश खत्री ने सोशल मीडिया जिला पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है। इसके अनुसार जिला सह-संयोजक बिल्हा गिरी राव, तखतपुर जितेंद्र सूर्यवंशी, कार्यसमिति सदस्य अभिषेक तिवारी, अवि साहू, अशोक राजपूत, संजू सोनवानी, राहुल तिवारी, मोहन वर्मा, चन्द्रभान बंजारे को शामिल किया गया है।

# निगम के मुद्दों को लेकर कांग्रेस संगठन व पार्षद दल के बीच बैठक

**बिलासपुर।** कांग्रेस भवन में सोमवार को शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा और जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री की उपस्थिति में संगठन और कांग्रेस पार्षद दल के बीच बैठक हुई। बैठक में आगामी सामान्य सभा को देखते हुए शहर की पानी, बिजली, सड़क, साफ-सफाई आदि समस्याओं को उठाने पर चर्चा हुई।



नगर निगम में 13 फरवरी को सामान्य सभा की बैठक होने वाली है। इसके संबंध में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा और जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री ने कांग्रेस पार्षद दल के साथ कांग्रेस भवन में शाम को बैठक की। बैठक में बताया गया कि पार्षदों को प्रश्न जमा करने का कल आखिरी दिन है इसलिए प्रश्नों के तैयारी को लेकर बात हुई। पिछले माहभर से शहर में पानी की समस्या बनी हुई है और कई क्षेत्रों में ठंडी के मौसम में पानी नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह खराब सड़कों और नाली सफाई सहित निगम आउटर एरिया में ठेका होने के बाद भी साफ-सफाई की समस्या को उठाने तथा स्मार्ट सिटी के नाम पर पैसे के दुरूपयोग और प्रापर्टी तथा निगम द्वारा संचालित दुकानों के टैक्स के विषय पर भी बैठक में चर्चा हुई है। निगम के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट नहीं जलने की बात भी सामने आई, जिस पर इन सारे मुद्दों से संबंधित प्रश्न सामान्य सभा में लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में पूर्व महापौर राजेश पांडेय, रामशरण यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक, अर्जुन तिवारी, निगम में नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, महेश दुबे, राजेश शुक्ला, लक्ष्मी साहू, रामा बघेल, जुगलकिशोर, पुष्पेंद्र साहू, दिलीप पाटिल, अब्दुल खान, शंकर कश्यप, ओम कश्यप, अमित भारते, मोहन श्रीवास, सुनील सोनकर पार्षदों सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# राज्यपाल रमेन से मिला अतिथि व्याख्याता संघ का प्रतिनिधिमंडल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ मूल निवासी अतिथि व्याख्याता कल्याण संघ ने अतिथि व्याख्याताओं की सेवा शर्तों एवं व्यवस्था में सुधार की मांग की है। अतिथि व्याख्याता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका से मिलकर इन मांगों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा है।



अतिथि व्याख्याता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शासकीय कालेजों एवं यूनिवर्सिटी में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवा शर्तों में सुधार एवं वर्तमान व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की बात कही है। इसमें अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति प्रक्रिया, कार्यकाल की अस्थिरता, अल्प मानदेय, समय पर भुगतान न होना, सामाजिक एवं शैक्षणिक सुरक्षा के अभाव जैसी प्रमुख समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया गया। इसके साथ ही अतिथि व्याख्याताओं को नियमित सेवा से जोड़ने, न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने, पारदर्शी एवं स्थाई नीति निर्माण तथा शैक्षणिक सत्र की निरंतरता बनाए रखने की मांग रखी गई। राज्यपाल ने अतिथि व्याख्याता संघ के प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के साथ सकरात्मक पहल करने के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया है। अतिथि व्याख्याता संघ ने भी आशा व्यक्त की है कि राज्य शासन शीघ्र ही अतिथि व्याख्याताओं के हित में ठोस निर्णय लेकर उच्च्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करेगा। राज्यपाल से मिलने वाले अतिथि व्याख्याता संघ के प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लव कुमार वर्मा, महेन्द्र कुमार साहू आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक के बीच भिड़ंत दो लोगों की मौत




**बिलासपुर।** दो बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से दो लोगों की मौत हो गई है। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सरगांव करतेली निवासी दुर्गेश पिता पंचराम पटेल बाइक क्रमांक सीजी 10 ईक्यू, 5410 में दोस्त भोंदू पटेल के साथ सरगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ताला मेला से लौट रहे सरगांव निवासी बजरंग साहू की बाइक तेज रफ्तार से उनके बाइक में टकरा गई। रफ्तार तेज होने से तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए सरगांव अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया गया। सिम्स लाने पर दुर्गेश पटेल, बजरंग साहू को मृत घोषित कर दिया गया है। वहीं भोंदूराम को इलाज चल रहा है।

### चाकू लहराते दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू राहगीरों को डराने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
सिविल लाइन पुलिस ने कुदूदण्ड हनुमान मंदिर के पास चाकू लहराकर राहगीरों को डराने वाले कुदूदण्ड निवासी मोनू गौतम उर्फ हरिमंगल पिता स्व. धरमप्रकाश गौतम 29 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने दयालबंद गुरूनानक स्कूल के पास चाकू लहराते दयालबंद निवासी संजय सोनकर पिता कल्लू सोनकर 45 साल को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

### नाबालिग से अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में दोस्ती कर नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चकरभाठा थाना के एसआई जीवन जायसवाल ने बताया, नांदघाट क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग की इंस्टाग्राम के माध्यम से चकरभाठा धमनी निवासी चंद्रशेखर केसरी 19 साल से दोस्ती हुई। बातचीत के दौरान युवक ने नाबालिग को मिलने के लिए चकरभाठा नयापारा बुलाया और अपने घर ले जाकर शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह नाबालिग को बुलाकर अपने घर में लगातार संबंध बना रहा था। नाबालिग ने शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा 6 से

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी को सुबह 9 बजे से किया जा रहा है। एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी, व्हॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी का आयोजन स्व. बीआर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में व बास्केटबॉल का आयोजन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तथा बैडमिंटन, फुटबॉल का आयोजन खेल परिसर में किया जाएगा।

---

**स्वच्छता की होगी जांच** — सफाई अब कागज और रिपोर्टिंग से नहीं, बल्कि सड़क, दीवार और स्थलों पर दिखाई देगी

# शहर में स्वच्छता नहीं दिखी तो अंक कटेंगे, घटेगी रैंकिंग, नियमित सफाई की जांच होगी

**बिलासपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के लिए केंद्र की टीम 25 फरवरी के बाद कभी भी बिलासपुर आ सकती है। 10 प्रमुख बिंदुओं पर शहरों को अंक दिए जाएंगे। इसमें मूल्यांकन मौके पर जाकर किए जाने वाले भौतिक निरीक्षण के आधार पर होगा।

शहरों की सफाई अब कागज और रिपोर्टिंग से नहीं, बल्कि सड़क, दीवार और सार्वजनिक स्थलों पर दिखाई देगी। दिल्ली से आने वाली टीम शहरों में घूम-घूमकर स्वच्छता की स्थिति देखेगी। इसके तहत सरकारी और निजी संस्थानों में साफ-सफाई की स्थिति, भवनों के कार्नर में पान-गुटखे के पीक देखे जाएंगे। बाजारों में कचरों के उठाव की स्थिति, व्यावसायिक क्षेत्रों में रात की सफाई, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग हो रही है या नहीं भी देखी जाएगी। सड़कों, नालियों की नियमित सफाई, शौचालयों की स्थिति की भी जांच होगी। गौरतलब है कि पिछले साल छत्तीसगढ़ के लिए सर्वे शानदार रहा था। प्रदेश ने 7 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते थे। इसमें बिलासपुर को स्वस्छ सर्वेक्षण में दूसरा स्थान मिला था। छोटे शहरों में बिलासपुर का बिल्हा नगर पंचायत देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित हुआ था। रायपुर को भी सर्वे में चौथा स्थान मिला और प्रॉमिसिंग शहर का अवार्ड भी हासिल हुआ। इस परफॉर्मेंस को बनाए रखने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निगम, पालिका और पंचायतों को पत्र जारी कर सर्वे से जुड़े सभी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### 10, 500 अंक इन कार्यों के लिए मिलेंगे

| | |
|---|---|
| विजिबल क्लीनलीनेस | - 1500 |
| सेग्रीगेशन, कलेक्शन, वेस्ट परिवहन | - 1000 |
| सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट | - 1500 |
| एसेस टू सेनिटेशन | - 1000 |
| यूज्ड वाटर मैनेजमेंट | - 1000 |
| मैकेनाइजेशन ऑफ डिस्लजिंग सर्विंग | - 500 |
| एडवोकेसी ऑफ स्वच्छता | - 1500 |
| इको सिस्टम स्ट्रेंथ एंड इंस्टिट्यूशनल पैरामीटर | - 1000 |
| वेलफेयर ऑफ सेनिटेशन वकर्स | - 500 |
| सिटीजन फीडबैक | - 1000 |

### खुले में पेशाब या पान-गुटखा तो अंक कटेंगे

खुले में पेशाब या पान-गुटखा के दाग मिले तो सीधे 150 अंकों तक की कटौती होगी और उसका असर शहर की रैंकिंग पर पड़ेगा। दस्तावेज और फीडबैक आधारित मूल्यांकन की जगह अब दृश्यमान स्वच्छता को रैंकिंग का निर्णायक आधार बनाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक स्वच्छता सर्वे 2025-26 में कुल अंक 12500 कर दिए गए हैं। इनमें से 10500 अंक ग्राउंड निरीक्षण पर आधारित होंगे। यानी सड़कों, दीवारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार और कॉलोनियों में दिखने वाली सफाई से रैंकिंग होगी। नई व्यवस्था में रेड स्पॉट और येलो स्पॉट के लिए अलग-अलग 75 अंक तय किए गए हैं। यदि शहर इन्हें पूरी तरह खत्म नहीं कर पाए, तो सीधे अंक कटेंगे और राष्ट्रीय रैंकिंग नीचे जाएगी। केंद्र से आने वाली सर्वेक्षण टीम बिना पूर्व सूचना शहरों में पहुंचेगी।

### मौके पर फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग होगी

आवासीय क्षेत्रों के साथ-साथ व्यावसायिक इलाके, सार्वजनिक स्थल, पार्क, पर्यटन स्थल और परिवहन केंद्र भी जांच के दायरे में होंगे। मौके पर फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और उसी के आधार पर अंक दिए या काटे जाएंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जनभागीदारी को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। अब नागरिकों की भूमिका केवल तय समय में शिकायत करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह साल भर चलने वाली प्रक्रिया होगी। नए सर्वे में नागरिक स्वच्छता एप के साथ माईगव, 'वोट फॉर माय सिटी' पोर्टल और क्यूआर कोड के जरिए साल भर राय दे सकेंगे। इस बार के सर्वे में नगर निगम के दावों की पुष्टि भी नागरिक ही करेंगे। अब लोग केवल तय समय में शिकायत नहीं करेंगे, बल्कि सालभर स्वच्छता एप, माईगव, वोट फॉर माय सिटी पोर्टल और क्यूआर कोड के जरिए फीडबैक दे सकेंगे।

### पूरी कर ली गई है तैयारी

पिछले साल इसमें बिलासपुर को स्वस्छ सर्वेक्षण में दूसरा स्थान मिला था। छोटे शहरों में बिल्हा नगर पंचायत देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित हुआ था। इस परफॉर्मेंस को बनाए रखने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निगम, पालिका और पंचायतों को पत्र जारी कर सर्वे से जुड़े सभी मानकों को पूरा करने का पत्र मिला है। हमारी तैयारी पूरी है। इस बार देश भर में टाप कर सके, उम्मीद तो है।

**- खचांजी कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

फुटकर व्यापारियों और स्वच्छता टीम के बीच तीखी बहस देखने को मिली

# नगर निगम टीम से भिड़ गए ठेले खोमचे वाले, सिम्स के सामने हुआ जमकर हंगामा



सिम्स के सामने से हटाया गया अतिक्रमण।



बृहस्पति बाजार चौक पर खड़ा रहा अतिक्रमण का दस्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स परिसर के बाहर नगर निगम व यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए ठेले व वाहनों को हटाया। हालांकि इससे पहले भी कार्रवाई हुई है लेकिन अतिक्रमणकारी वहां से हटने को तैयार ही नहीं होते। पुलिस वाहन का सायरन बजते ही सड़क पर लगने वाले ठेले गोंड़पारा की गलियों में ले जाए जाते हैं और पुलिस के लौटते ही

वहां फिर दुकानें सज जाती हैं। नतीजतन सिम्स के बाहर बार बार जाम की नौबत रहती है। इससे गंभीर बीमारों तथा एम्बुलेंस को अस्पताल के अंदर दाखिल होने में परेशानी होती है और जिंदगी के लिए कीमती पल बरबाद होता है। सोमवार की दोपहर निगम की टीम एक बार फिर सिम्स के सामने पहुंची। इस कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर निगम अमले को विरोध और हंगामे का सामना भी करना पड़ा। सड़क किनारे ठेले लगाकर व्यवसाय कर रहे फुटकर व्यापारियों और स्वच्छता टीम के बीच तीखी बहस देखने को मिली। व्यापारियों का कहना था कि अचानक की जा रही कार्रवाई से उनका रोज़गार प्रभावित हो रहा है, वहीं निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है और आम लोगों को परेशानी होती है। बहस और विरोध के बावजूद निगम की टीम ने कार्रवाई जारी रखी और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी की।

### प्राइवेट एंबुलेंस व ऑटो आदि अन्य वाहन खड़े थे

सोमवार को सिम्स के बाहर कुछ ठेले लगाए गए थे। प्राइवेट एंबुलेंस व ऑटो आदि अन्य वाहन भी खड़े किए गए थे। दोपहर करीब 1 बजे अचानक हल्ला हुआ कि निगम और पुलिस की गाड़ी आ रही है। देखते ही देखते चलित ठेलों को लेकर संचालक भागने लगे, इधर प्राइवेट वाहनों को लेकर ड्राइवर भागने लगे। सायरन बजाते ट्रैफिक पुलिस का वाहन सिम्स चौक पहुंचा, तो तकरीबन सारे ठेले हटा दिए गए थे। इक्का दुक्का ठेले जो नहीं हटाए जा सके थे, पुलिस ने उन्हें कड़ी हिदायत देते हुए हटाने को कहा। अवैध रूप से पार्क किए गए कुछ ऑटो व वाहन पुलिस ने लॉक कर दिए। हालांकि बाद में गुजारिश पर उन्हें हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया।

### पान-गुटखा, चाय-नाश्ते की दुकानों से भीड़

निगम व यातायात पुलिस ने सोमवार को सिम्स के बाहर संयुक्त अभियान चला कर अवैध ठेलों व वाहनों को हटाया। इन पर चालानी कार्रवाई भी की गई। इसके बाद भी यहां पर पूरी तरह अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहा। कुछ ठेला संचालक अभी भी यहां ठेला लगा कर पान-गुटखा, चाय-नाश्ते की दुकान लगाते हैं। हालांकि यातायात पुलिस यहां बीच-बीच में राउंड मार रही है, फिर भी अतिक्रमणकारी बाज नहीं आ रहे हैं। गुरुवार को सिम्स के प्रभारी एमएस ने हॉस्पिटल आए मरीजों व परिजनों को वाहन बाहर ही वाहन खड़े करने का फरमान जारी किया था। अतिक्रमण की वजह से इस रोड की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई थी। तब यातायात पुलिस ने वहां पहुंच कर ठेले व खड़े वाहनों को हटाया था।

---

# कार लूटने वाले 4 आरोपी रतनपुर पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

देर रात रतनपुर मार्ग पर ड्राइवर से मारपीट कर महिलाओं का पर्स और कार लूटकर भागने वाले 4 आरोपियों को कोरिया पुलिस ने रतनपुर पुलिस को सौंप दिया है।

■ देर रात रतनपुर मार्ग पर लूट का मामला

कोरबा दीपका तिवरता निवासी ड्राइवर विजय कुमार राज तीन महिलाओं को शिफ्ट डिजीयर क्रमांक सीजी 10 बीई, 3400 में बिल्हा मेला लेकर गए थे। रात में वह तीनों महिलाओं को लेकर दीपका लौट रहे थे। रात 3.35 बजे विजय कुमार राज ने नेशनल हाइवे रानीगांव हाइवे किंग ढाबा के पास सड़क किनारे कार खड़े किया। इसी दौरान क्रेटा एव एक अन्य वाहन से चार युवक आए और ड्राइवर के साथ मारपीट कर उनकी कार की चाबी लूटकर कार में बैठी महिलाओं को नीचे उतारकर कार सहित तीनों महिलाओं का पर्स लेकर अम्बिकापुर की ओर भाग गए। महिलाओं के पर्स में 8 हजार रुपए नकद रखा हुआ था। सूचना पर कोरिया पुलिस ने कार लूटकर भाग रहे चार युवकों को पकड़कर रतनपुर पुलिस के हवाले कर दिया है। रतनपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 126, 2,309, 4, 3, 5 के तहत चारों युवकों को गिरफ्तार लूटी गई कार, नकद रकम व वारदात में प्रयुक्त क्रेटा व अरटिगा व 3 मोबाइल जब्त कर लिया है।

### नहीं लौटा रहा था ठगी की रकम

पुलिस के अनुसार, ड्राइवर विजय कुमार राज ने आरोपियों को तंत्र विद्या एवं पूजापाठ से रुपए बढ़ाने का जाने का लालच देकर 2.50 लाख रुपए की ठगी कर ली थी। रुपए नहीं बढ़ने पर युवकों को ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। उन्होने विजय कुमार से अपना पैसा वापस मांगे तो वह नहीं लौटा रहा था। ठगी के रकम की वसूली के लिए उसका कार लूटकर ले गए थे।

### पकड़े गए आरोपी

- विद्यादास महंत पिता स्व. ग्वाल दास महंत 43 साल सीतापुर खड़गांव सीतापुर सरगुजा
- रामसुन्दर पिता रामसाय 32 साल बनखेता खरवर चरचा कोरिया
- राजीव कुमार सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह 37 साल हर्रापारा वार्ड नम्बर 1 बैकुंठपुर कोरिया
- गुलशन कुजूर पिता स्व. सुशील कुजूर 47 साल चरचा कालरी चरचा कोरिया

---

# महिला से 7 लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी ई चालान भेजकर एक महिला से 6 लाख 83 हजार, 807 रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

■ फर्जी ई चालान भेजकर की ठगी

तोरवा पुलिस के अनुसार, धानमंडी निवासी अनिता साहू पति राजेश साहू गृहणी है। उनके मोबाइल को उनका बेटा समित साहू उपयोग करते है। 29 जनवरी को उनके मोबाइल में परिवहन ऐप का मैसेज आया, जिसमें उनके बाइक का 2 हजार रुपए का चालान आया था। उनके बेटे को उक्त एप डाउन लोड कराया गया। डाउनलोड नहीं होने से रजिस्ट्रेशन चार्ज 1 हजार रुपए की मांग की गई। उनके द्वारा पैसा ट्रांसफर कर एप डाउनलोड किया गया। उसके बाद 31 जनवरी को शाम 5.30 से 8.40 बजे तक 17 बार ट्रांजेक्शन कर 6 लाख 83 हजार 807 रुपए ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### मोबाइल हैक कर रेलवेकर्मी से 1 लाख 15 हजार की ठगी

तोरवा पुलिस के अनुसार, कासिमपारा निवासी मोहम्मद मोइनुल हक पिता स्व.निजामुल हक रेलवे में ट्रेन मैनेजर है। 27 जनवरी को उनके मोबाइल में फोन पे नहीं चल रहा था। उन्होने बैंक जाकर बैंक खाते का स्टेटमेंट लिए जिससे पता चला उनके मोबाइल को हैक कर अलग अलग किस्तों में 1 लाख 14 हजार 997 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है।

### एक माह में 7 लोगों से आनलाइन ठगी

- 3 जनवरी हेमूनगर निवासी कुलवीर सिंह से 1 करोड़ 31 लाख रुपए
- 8 जनवरी एमजी होम्स सकरी निवासी गया प्रसाद मालवी से 11 लाख रुपए
- 10 जनवरी मोपका गार्डन सिटी निवासी प्रयंदर्शी रावतराय से 66 लाख 70 हजार रुपए
- 24 जनवरी पारिजात कैसल निवासी प्रतीक अग्रवाल से 80 हजार रुपए
- 29 जनवरी खमतराई निवासी संतोष कुमार झा से 1 लाख 59 हजार रुपए

# कोनी व सीपत में अवैध शराब सहित 3 कोचिए गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोनी व सीपत पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र में अवैध शराब बनाकर बेचने वाले 3 कोचियों को पकड़कर बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी पुलिस को सूचना मिली कि जलसो निवासी अजय वर्मा उर्फ जनता पिता गीतन वर्मा 36 साल गांव के तालाब के पास अधिक मात्रा में शराब रखा हुआ और बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। उसके पास से 125 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के सामग्री 2 नग डेंचकी, 1 गैस सिलण्डर, चूल्हा बरामद किया गया है। इसी तरह सीपत पुलिस ने सूचना पर अमन लोनिया पिता मंगल सिंह लोनिया 22 साल नरगोडा, जगत नारायण वस्त्रकार पिता हिमांचल वस्त्रकार 40 साल देवरी निवासी को पकड़कर उनके पास से 15 लीटर महुआ शराब व 6.300 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# मेहमान बनकर आया दोस्त पौने दो लाख चोरी कर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेहमान बनकर आया दोस्त युवक के घर से 1 लाख 64 हजार रुपए चोरी कर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

■ आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी निवासी दिव्यांशु मिरी पिता शिवरतन मिरी रायपुर में रहकर रोजी मजदूरी कर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी रोहित शुक्ला से दोस्ती हो गई थी। इसी बीच दिव्यांशु अमेरी अपने घर आकर निजी हास्पिटल में साफ सफाई का काम करने लगे। 25 जनवरी को उनका दोस्त रोहित शुक्ला उनके घर आया। 27 जनवरी को वह अपने दोस्त के साथ धान का पैसा निकालने रतनपुर बैंक गए और 49 हजार रुपए लेकर लौट गए। उन्होंने अपने दोस्त के सामने रकम को घर की पेटी में रख दिया। पेटी में पहले से 1 लाख 15 हजार रुपए रखे हुए थे। 27 जनवरी की सुबह दिव्यांश उठकर बाथरूम चले गए। इसी दौरान उनका दोस्त पेटी से 1 लाख 64 हजार रुपए चोरी कर भाग गया। वे बाथरूम से बाहर आए तो उनका दोस्त गायब था और पेटी में रखी रकम चोरी हो गई थी। उन्होंने दोस्त को फोन किया तो वह बंद मिल रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रोहित शुक्ला के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

### मरणोपरांत दो लोगो को नेत्रज्योति दे गए तेजाणी

**बिलासपुर।** टिकरापारा जलाराम मंदिर निवासी नरेंद्र कुमार तेजाणी का सोमवार को स्वर्गवास हो गया । उनके पुत्र सुदीप व सुनीत तेजाणी ने हैंड्स ग्रुप से संपर्क कर अपने पिता के आंखों का नेत्रदान कराया। इसमें सिम्स के नेत्रदान सल्हाकर धर्मेंद्र देवांगन, डॉक्टर संजय चौधरी व डॉ रवि यादव की टीम के साथ उनके निवास स्थान जाकर नेत्रदान किया। यह जानकर बहुत ही प्रेरणा मिलती है कि किसी ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है या नेत्रदान किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# कोटवारी जमीन को बेचने कई लोगों से एग्रीमेंट, महिला कोटवार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटवारी में मिली 2. 13 एकड़ अहस्तांतरणीय जमीन की अलग-अलग कई लोगों से कई बार बिक्री करते हुए एग्रीमेंट कराने के मामले में मंगला की महिला कोटवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले में सिविल लाईन थाने में महिला कोटवार के विरूद्ध अपराध भी दर्ज कराया जा चुका है, जिसमें महिला कोटवार हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर हैं।

मंगला में महिला कोटवार प्रमिला मानिकपुरी को पूर्वजों की कोटवारी जमीन मिली थी। खसरा नंबर 658, 1061, 1068, 1074, 1103, 1176, एवं 1194 कुल 2.13 एकड़ अहस्तांतरणीय भूमि को महिला के द्वारा राहुल यादव नामक व्यक्ति से बिक्री के लिए एग्रीमेंट करते हुए 36 हजार रूपए ले लिया गया था। बाद में जानकारी मिली कि उक्त जमीन को महिला कोटवार ने

■ सिविल लाईन थाने में हो चुका है मामला दर्ज

सालों पहले लालचंद मनवानी एवं अन्य व्यक्तियों से भी 25 लाख रूपए में बेचने का सौदा करते हुए एग्रीमेंट किया था व बतौर एडवांस 25 हजार ले रखा था। राहुल यादव के द्वारा इस संबंध में सिविल लाईन थाने में अपराध दर्ज कराया गया था, जिसमें महिला कोटवार द्वारा हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत प्राप्त की गई थी। महिला कोटवार के खिलाफ थाने में 420 का प्रकरण दर्ज होने के कारण वार्ड क्रमांक 14 मंगला के पार्षद हेमंत मरकाम द्वारा अतिरिक्त तहसीलदार को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि महिला को पद से हटाकर किसी और को कोटवार के रूप में पदस्थ किया जाए।

जांच के दौरान कोटवारी भूमि के खसरा नंबर 1068 का कुछ हिस्सा अमित कुमार ठाकुर व संजय कुमार केशरवानी के द्वारा अपनी भूमि में शामिल होना पाया गया। इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार मंगला के द्वारा भू राजस्व सहिंता 1959 की धारा 230, 5, 1 के तहत मंगला कोटवार प्रमिला मानिकपुरी को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

### न्यू माल स्टेशन में रूकेगी कर्मभूमि एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** एलटीटी से कामख्या के बीच चलने वाली कर्मभूमि एक्सप्रेस का स्टापेज न्यू माल स्टेशन में देने का आर्डर दिया गया है। रेल प्रशासन ने यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए पूर्वोत्तर सीमांक रेलवे अलीपुरद्वार मंडल के न्यू माल स्टेशन में 22511/22512 एलटीटी-कामख्या और कामख्या से एलटीटी के बीच चलने वाली कर्मभूमि एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह स्टापेज 5 फरवरी से शुरु किया जाएगा। 22511 एलटीटी-कामख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस न्यू माल स्टेशन में 6.48 बजे से 6.50 बजे तक और वापसी में 8 फरवरी को 22512 कामख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस न्यू माल स्टेशन में 1.03 बजे से 1 बजकर 5 मिनट तक रोकी जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### रितेश बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**मुंगेली।** रितेश वाधवा भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने। भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद की घोषणा की गई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष, रितेश वाधवा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष बने राकेश



**मुंगेली।** राकेश साहू को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राकेश साहू ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से करेंगे। साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहराया।

### सोशल मीडिया कार्य समिति सदस्य बने देवेश



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया सेल का पदाधिकारियों की नियुक्ति की है जिसमें सोशल मिडिया के जिला संयोजक देवेश खत्री ने सोशल मीडिया कार्य समिति सदस्य के रूप में राहुल तिवारी की नियुक्ति की है।

### सौरभ बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री



**पेंड्रा।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा ओबीसी मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की सूची जारी किए जाने के बाद पेंड्रा मंडल में नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। जारी सूची में इंजीनियर सौरभ साहू को भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर चक्रधारी ने बताया कि इंजीनियर सौरभ साहू पूर्व में शासकीय इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने जनसेवा के उद्देश्य से त्यागपत्र देकर पुनः सक्रिय राजनीति में भूमिका निभाने का निर्णय लिया।

### नपा अध्यक्ष ने किया बोर खनन का भूमिपूजन



**लोरमी।** नगर पालिका वार्ड 16 बाबाघाट मंदिर परिसर में नपा अध्यक्ष निधि से जल व्यवस्था दुरस्त करने बोर खनन किया जा रहा है, जिसका विधिवत भूमिपूजन अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, सभापति रिक्की सलूजा, विश्वास दुबे, घनश्याम यादव, पार्षद सोहन डड़सेना, अश्वनी ढीमर, पूर्व पार्षद अशोक साहू, लक्ष्मी गुप्ता, हरलाल साहू, राजू दुबे सहित मंदिर समिति के लोग मौजूद रहे।

### छटन स्कूल के छात्रों ने सॉफ्टबॉल स्पर्धा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**सेतगंगा/मुंगेली।** 69वें राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पुणे महाराष्ट्र में 29 जनवरी से 2 फरवरी तक किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन का विद्यार्थी चंद्रकुमार कक्षा 12वीं की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11 राज्यों की टीम में से दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय से चार छात्रों ने भाग लिया था। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के नियमानुसार राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में स्थान प्राप्त करने पर उन्हें अतिरिक्त अंक भी दिए जाते हैं। इसमें प्रमुख भूमिका व्यायाम शिक्षक हेमचंद बारमते एवं प्राचार्य एडी अंचल की भूमिका रही।

### पेण्ड्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिलेगा नया भवन



**पेंड्रा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नए भवन की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मंत्री जायसवाल ने मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और प्रस्ताव को बजट में शामिल करने के निर्देश दिए। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, पार्षद मनीष श्रीवास, भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री अरुण तिवारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता राम बहादुर उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पेण्ड्रा क्षेत्र की बढ़ती आबादी को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नए भवन की आवश्यकता बताई। प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## शाकंभरी प्राकट्य उत्सव व भागवत में शामिल हुए डिप्टी सीएम

# प्रकृति और कृषि की अधिष्ठात्री देवी हैं मां शाकंभरीः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



■ भालूखोंदरा में विकास कार्यों के लिए की 25 लाख रुपए की

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने ग्राम भालूखोंदरा आयोजित मां शाकंभरी प्राकट्य उत्सव एवं खपरिकला महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा भागवत कथा के आयोजन में शामिल होकर कर विधिवत पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि मां शाकंभरी किसी एक समाज की नहीं है, वे सभी समाज की माता हैं। अकाल के समय सब्जियों के माध्यम से जीवन की रक्षा करने वाली मां शाकंभरी प्रकृति और कृषि की अधिष्ठात्री देवी हैं। यह जयंती हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो परिश्रम, मेहनत और जरूरतमंदों के साथ खड़े होने की प्रेरणा देती है। उन्होंने अन्नपूर्णा माता के सम्मान और ग्रामीण परंपराओं को सहेजने का आह्वान किया। श्री साव ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा गांव की पांच महिला स्वयं सहायता समूह, जय मां महामाया, मां अन्नपूर्णा, जय शनिदेव, मां शीतला एवं विश्वकर्मा महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों ने एकजुट होकर श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया है। इससे ग्राम में भक्ति, सत्संग, और ज्ञान की पावन धारा प्रवाहित हो रही है, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भालूखोंदरा एवं आस पास के क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि गांव में विभिन्न सीसी रोड निर्माण कार्यों हेतु 10.38 लाख एवं 5.20 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। मंडी बोर्ड के माध्यम से धान उपार्जन केंद्र में गोदाम का निर्माण प्रगति पर है तथा कोलार नदी में 15 लाख रुपए की लागत से स्टॉप डेम का प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही उन्होंने प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 15 लाख रुपए तथा सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल, समाज के प्रदेश अध्यक्ष जीवन पटेल, अनिलचंद पटेल, बेदराम पटेल, सिद्धराम पटेल, जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, आर्यव्रत ब्राह्मण महासभा प्रदेशाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जिला पंचायत सभापति अनिता साहू, प्रदीप गायकवाड़, बबीता बंजारे, रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष लेखराज ठाकुर, शैलेश तिवारी, जीवन साहू, सरपंच धनंजय घृतलहरे, संतोष साहू, महेंद्र खत्री, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, रविंद्र शर्मा, जवाहर दिवाकर, सुखराम साहू, रमेश पटेल, उप सरपंच परमानंद पटेल, रमेश पटेल, पंच सरपंच उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय समाज ने किया युवाओं का सम्मान



**मुंगेली।** क्षत्रिय समाज के बीएसएफ, सीआईएसएफ थल सेना, पुलिस आरक्षक भर्ती, अग्निविर सेना में 25 युवाओं का चयन हुआ। राजपूत क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में चयनित युवाओं का सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

स्मार्ट एकेडमी हाल में क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में समाज के 25 युवाओं का देश सेवा के लिए सफल चयन होने पर सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत ने सभी चयनित युगल सिंह राजपूत, राकेश सिंह, हरेंद्र सिंह, अंकित सिंह, राज सिंह, भारती राजपूत, देवा सिंह, केविन सिंह, यश राजपूत, सूरज ठाकुर, आशीष ठाकुर, रितेश ठाकुर, हरेंद्र सिंह राजपूत, अरविंद सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह, करन ठाकुर, दिव्या क्षत्री, लोकेश सिंह राजपूत, विवेक सिंह, विभव सिंह, राकेश सिंह सहित राजपूत क्षत्रिय समाज के 25 युवाओं ने बीएसएफ, सीआईएसएफ, एनएवीआई अग्निविर एवं पुलिस आरक्षक भर्ती एवं अन्य देश सेवा के पदों पर चयनित हुए युवाओं को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजपूत क्षत्रिय समाज तखतपुर मुंगेली परीक्षेत्र अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत के कहा क्षत्रिय समाज ने आदिकाल से ही देश सेवा, वीरता और बलिदान की परंपरा का निर्वहन किया है। कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष हुकुम सिंह, सचिव चिम्मन सिंह, केंद्रीय संरक्षक मनहरण सिंह,राजपूत, महेंद्र सिंह राजपूत, पोषण सिंह, ऋषि सिंह, ज्ञान सिंह, दिनेश सिंह, आदित्य सिंह, गेंद सिंह, रमेश सिंह, प्रताप सिंह, राम खिलावन, कुलदीप सिंह, पुरन सिंह, मिंटू राजपूत, भागीरथी, प्रदीप सिंह, रामशरण राजपूत, मनमोहन सिंह क्षत्रिय, अरविंद सिंह राजपूत, राहुल सिंह, केंद्रीय मीडिया प्रभारी रवि सिंह ठाकुर सहित समाज के वरिष्ठजन जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं चयनित युवाओं के परिजन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहें।

### विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला है बजटः सिंह



**मल्हार।** केंद्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा मंडल मल्हार के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है, बल्कि उन सभी ताकतों को भी करारा जवाब है जो वर्षों से विकास के नाम पर जनता को गुमराह करती रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट दूरदर्शिता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित का स्पष्ट रोडमैप है। बजट में बुनियादी ढांचा, रेलवे, सड़क, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और औद्योगिक विकास पर भारी निवेश किया गया है।

## आदिवासी विकास मेला नहीं लगाए जाने पर नगरवासियों में रोष



**रतनपुर।** धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी रतनपुर में सदियों से आयोजित होने वाला प्रसिद्ध मेला इस वर्ष प्रशासनिक निर्णयों और बदले स्वरूप को लेकर चर्चा में है। वर्षो से मेले के साथ आयोजित होने वाला आदिवासी विकास मेला इस बार नहीं लगाए जाने से जहां नगरवासियों में नाराजगी है, वहीं मेले के उद्घाटन समारोह में भी अपेक्षित जनउत्साह नजर नहीं आया। नगरवासियों का कहना है कि आदिवासी विकास मेला बंद किए जाने और प्रचार-प्रसार की कमी का सीधा असर भीड़ पर पड़ा है। गौरतलब है कि रतनपुर मेले का इतिहास लगभग 500 वर्षों पुराना है। अट्ठाईस रानियों के सती होने की स्मृति में आठाबीसा तालाब के तट पर यह परंपरागत मेला सदियों से आयोजित होता आ रहा है। वहीं लगभग 25–30 वर्ष पूर्व कोटा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल के प्रयासों से धान मंडी प्रांगण में सात दिवसीय आदिवासी विकास मेला प्रारंभ किया गया था, जिसने मेले को एक अलग पहचान दिलाई। नगरवासियों का आरोप है कि विकास मेला हटाए जाने से मेले की मूल भावना, उद्देश्य और आकर्षण प्रभावित हुआ है।

## लक्ष्मीनारायण यज्ञ एवं पर्वत दान महोत्सव संपन्न



**लोरमी।** ग्राम रैतराकला में तीन दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ एवं पर्वत दान महोत्सव आयोजित किया गया। पर्वत दान में करीब 500 क्विंटल धान सहित 11 प्रकार के अनाज सहित सोने-चांदी, हीरे व नगद राशि सहित अन्य वस्तुओं को शामिल किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात पर्वत को आम नागरिकों को सौंपा गया। आचार्य पं प्रमोद शास्त्री ने आयोजन के बारे में बताया कि, पर्वत दान का पुराणों में अलग महत्व है। जब कई जन्मों का पुण्य अर्जित होता है, तब जाके मनुष्य भगवान की कृपा से पर्वत दान करता है। शास्त्री जी ने बताया कि, पर्वत दान का अर्थ होता है अपने अथाह संपत्ति का दान करना। उप यज्ञाचार झम्मन प्रसाद शास्त्री और वैदिक विद्वानों ने विधि-विधान से संपन्न कराया। ग्रामीणों ने बताया कि, क्षेत्र में इस प्रकार का यह पहला आयोजन है। इस आयोजन के बारे में किताबों में जरूर पढ़ा है, लेकिन आज प्रथम बार इस आयोजन को प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रहा है। मुख्य यजमान उषा पाण्डेय रतन लाल पांडेय रहे।

## वीबीजी-रामजी योजना के तहत जनजागरण अभियान



**लोरमी।** ग्राम डिंडोल में वीबीजी-रामजी योजना के जनजागरण अभियान के तहत 'जन जोहार चौपाल' आयोजित की गई। इस योजना के उद्देश्य और लाभ गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता लगातार हितग्राहियों से सम्पर्क कर सार्थक संवाद कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री विनय साहू,धनीराम यादव, दिनेश साहू,महाजन जायसवाल, संतोष साहू, सुशील याद‌व, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, संदीप सोनी, अभिषेक पाठक, प्रतिमा साहू सरपंच, रामनिवास, बाबूराम साहू, अर्जुन साहू, ताराचंद यादव, भरोष साहू, नरेंद्र साहू,मोहर राजपूत,सुरेंद्र यादव, सैफू साहू सहित ग्रामवासी व हितग्राही उपस्थित रहे। संचालन सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र साहू ने एवं आभार उपसरपंच मोरध्वज केवट ने किया।

# बच्चों को किया गया सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित




■ अल्फा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**मुंगेली।** अल्फा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल के बच्चों द्वारा वार्षिक उत्सव उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक बच्चों ने मनमोहक नृत्य के द्वारा प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरूस्कृत किया गया।

अल्फा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आशीष तिवारी ने शाला की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों को राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी एवं नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी दी। अल्फा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुमीत तिवारी ने भी बच्चो को पढ़ाई के महत्व व सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया एवं अतिथियों का अभिवादन किया। वार्षिक उत्सव के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, सौरभ बाजपेयी, डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. शिवपाल सिदार, डॉ. पुष्पलता सिंह सिदार एवं राइजिंग स्टार्स किड्स स्कूल की डायरेक्टर स्वाति तिवारी, प्रिया तिवारी, रीतू बाजपेयी एवं स्कूल के चेयरमैन अशोक तिवारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अल्फा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक बच्चों ने मनमोहक नृत्य के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि निष्ठा पाण्डे ने कहा कि अल्फा पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में आगे आने के लिए प्रेरित करता है।

## जूनापारा में वार्षिकोत्सव व साइकिल वितरण कार्यक्रम



**तखतपुर।** हायर सेकेंडरी स्कूल जूनापारा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिक उत्सव एवं निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ललिता संतोष कश्यप जी रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने की। संस्था प्रमुख जीके यादव एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य श्याम सिंह ध्रुव ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य ने स्कूल के विकास से संबंधित जिन बिंदुओं को रखा, उन सभी को अतिथियों ने शत-प्रतिशत पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय दिनेश राजपूत ने विद्यार्थियों को शिक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए जागरूकता एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। वार्षिक उत्सव के अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय ने निशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोषी शुक्ला, मोनिका तिवारी एवं गणेश शुक्ला ने किया। अंत में संकुल समन्वयक आशुतोष सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिनेश राजपूत, ललिता संतोष कश्यप, नरेश साहू, श्याम सिंह ध्रुव, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, विभूति शर्मा, राजकुमारी प्रजापति, जागृति वैष्णव, अनुपमा मैडम, स्मृति मैडम, उमाशंकर ध्रुव, मनमोहन अनंत सहित समस्त शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### विद्युत विभाग प्रदेश के विकास की रीढ़ः जालान



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन 2 फरवरी को अटल सभागार, नगर पालिका परिषद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह, उपाध्यक्ष शरद गुप्ता सहित राकेश चतुर्वेदी, राजेश सोनी, मनीष श्रीवास, पारस चौधरी, कुलदीप शुक्ला, गोलू राठौर, रमेश कोल, तसलीम साहिद राईन, राजेश गुप्ता एवं अरुण तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्युत मंडल की प्रमुख अभियंता सूर्यवानी मैडम, पटेल मैडम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि विद्युत विभाग प्रदेश के विकास की रीढ़ है तथा भविष्य में भी तकनीकी नवाचारों और जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से जनसेवा को और अधिक सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रजत जयंती समारोह का सफल समापन किया गया।

### सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बनाएं आय का साधनः अनिला



**पथरिया।** ग्राम पंचायत सिलदहा में सोमवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुक्त बिजली योजना एवं पीएम सूर्य घर रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र सिंह राजपूत रहे। कार्यक्रम में बिजली विभाग के जेई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते दी। मुख्य अतिथि अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और ग्रामीणों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने के साथ इस योजना को ग्रामीणों के आय का साधन बनाने के उद्देश्य से लाया गया है कोई भी ग्रामीण इस योजना से अपने घरेलू उपयोग की ऊर्जा खुद उत्पाद करेगा और अतिरिक्त बिजली सरकार को बेच सकेगा जो घर बैठे आय का साधन बनेगा इसलिये सभी इस योजना का लाभ उठाने सोलर पैनल लगवाए और बिजली बिल के झंझट से मुक्त हो जाए। आयोजन में जनपद सदस्य प्रतिनिधि विजय चेलकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि टीकाराम वर्मा, सहायक अभियंता योगेश साहू, जेई अविष्कार तिग्गा, बहादुर राजपूत, आनंद कुमार, रामचंद्र राजपूत, रमेश, संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिजली के बिना नहीं की जा सकती विकास की कल्पना



**तखतपुर।** सोमवार को विद्युत विभाग में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा के क्षेत्र में 25 वर्षों के विकास की गाथा की जानकारी विभाग अधिकारियों के द्वारा प्रदान की गई साथ ही आयोजन के माध्यम से विद्युत सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण तथा बिल भुगतान की विभिन्न सुविधाओं को लेकर जन जागरूकता संदेश भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि बिजली के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती साथ ही विकास में विद्युत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारी रात दिन सभी मौसम में सजग रहकर हमारे घरों को रोशन करते हैं एवं उनके कार्यों की सराहना की। इस आयोजन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, अध्यक्ष जनपद पंचायत माधवी वस्त्रकर, उपाध्यक्ष नगर पालिका गौरी अजय देवांगन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी एवं प्रमोद ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### विशेष शिविर में दी गई सूर्य घर योजना की जानकारी



**मल्हार।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभ से आम लोगो को अवगत कराने विद्युत विभाग ने मंगल भवन में शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया। जिसमें सूर्य घर योजना के लिए विशेष जानकारी दी गई। मस्तूरी उपसंभाग के सहायक यंत्री प्रवीण कौशिक और मल्हार वितरण केंद्र के कनिष्ठ यंत्री नीलेश टोप्पो ने विभिन्न जानकारी देते हुए कहा कि बिजली का खर्च हमेशा के लिए खत्म हो सकता है अगर इस योजना का लाभ सभी लेने लगेंगे। शिविर में लगातार 2 साल से विद्युत बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, पार्षद मिलुराम कैवर्त सहित विभागीय कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे।

### बिजली विभाग ने संकल्प से प्रदेश को आगे बढ़ाया



**लोरमी।** विद्युत विभाग छत्तीसगढ़ की रजत जयंती (25 स्वर्णिम वर्ष) के ग्राम डिंडोल में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अवसर विभाग की उस प्रेरक यात्रा का प्रतीक रहा, जिसने अंधकार से प्रकाश, सेवा से विश्वास और संकल्प से समृद्धि तक छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ संतोष साहू विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बिजली विभाग का रजत महोत्सव कार्यक्रम



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष के रूप में अम्बालिका कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत निगारबन्द एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषभ कश्यप जनपद सदस्य सहित समस्त पंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री कमलेश पटेल ने राज्य गठन के पश्चात 25 वर्षों में ऊर्जा के क्षेत्र में हुए विकाश की जानकारी प्रदान की। इस दौरान स्कूली बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। सहायक यंत्री हरिनारायण लहरी ने पीएम सूर्यघर योजना से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी उपस्थित नागरिकों को प्रदान की, साथ ही पीएम सूर्यघर योजना के पंजीयन हेतु रजिस्ट्रेशन डेस्क की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में सरपंच पोंगरिहा, सरपंच चोरमा, रचित दुआ प्रवीण कश्यप, जनमेजय कश्यप ,सुनील डोंगरे, बलदाऊ पटेल, ज्ञानेश्वर, मनोहर ,एवम बड़ी संख्या में उपभोक्ता एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बिजली विभाग ने किया उपभोक्ताओं को सम्मानित



**पथरिया।** नगर पंचायत में विद्युत विभाग द्वारा रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की उपस्थिति रही। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, भाजपा मंडल अध्यक्षसंजय कुमार वर्मा, निश्चित गुप्ता, जनपद सभापति रिंकू सिंह ठाकुर , नगर पंचायत सभापति मेलाराम डडसेना, बलराम जायसवाल, ओंकार यादव, मनीष यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वहीं विद्युत विभाग की ओर से सहायक अभियंता योगेश साहू, कनिष्ठ अभियंता आविष्कार तिग्गा एवं विभाग के कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बीपीएल उपभोक्ताओं, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं, कृषि जीवन ज्योति योजना के उपभोक्ताओं एवं नियमित रूप से विद्युत बिल का भुगतान करने वाले सौर पैनल लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में विद्युत विभाग की विभिन्न चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।